# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, रविवार, 30 मार्च, 2025 | वर्ष 16 | अंक 328 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.


सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



## चैत्र शुक्ल प्रतिपदा
## एवं
## भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं



**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

### राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव
# राज्य स्तरीय सांस्कृतिक संध्या

मुख्य अतिथि

**श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे**
माननीय राज्यपाल

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

**सुश्री दिया कुमारी**
माननीया उप मुख्यमंत्री

**डॉ. प्रेम चंद बैरवा**
माननीय उप मुख्यमंत्री

**30 मार्च, 2025 | सायं 6:30 बजे | अल्बर्ट हॉल, जयपुर**

पर्यटन विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

# सरकार ने युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए किए बेहतरीन प्रयास : सहारण




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित हो रहे साप्ताहिक महोत्सव अंतर्गत शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश स्तर से संबोधित कर जिलों से लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद किया।

इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ.मनोज शर्मा, एसीएमएचओ डॉ.अहसान गौरी, डॉ.वेदप्रकाश ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सरकार ने युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए बेहतरीन प्रयास किए है। सरकार ने शीघ्र भर्तियां पूरी कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया है और रोजगार के अधिकतम अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को धरातल पर उतारने के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार युवाओं को 10 लाख रोजगार के संकल्प को पूरा करने के लिए बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवा रही है। इस अवसर पर सुशील लाटा, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, नारायण बेनीवाल, सीपी शर्मा, गोपाल बालाण, धर्मेंद्र राकसिया, आकाश सैनी, सुनील ढाका, श्रीराम पीपलवा, सानिव एसई पंकज यादव, डीओआईटी एसीपी नरेश दुहानिया, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, डॉ वेदप्रकाश, प्रोग्रामर राजेंद्र प्रजापत सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। संचालन रवि दाधीच, बजरंग हर्षवाल व शिवकुमार शर्मा ने किया। नवनियुक्त कार्मिकों को प्रदान किए वेलकम किट, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, बसंत शर्मा सहित अतिथियों ने विभिन्न विभागों में नवनियुक्त डॉ विभा पारीक, मोनिका गौड़, आशीष ढाका, आकाश महर्षि, कुमारी मुस्कान, पूजा सेन, सुभाष कुमार, संतरा, नितिन, मोहित चौबे, रामस्वरूप, पवन पिलानिया, प्रियंका जांगिड़, कौशल्या आदि को वेलकम किट प्रदान किए। इसी के साथ ग्राम पंचायत रतनगढ़ की कांगड़ व जांदवा, तारानगर की हड़ियाल व ढिंगी, सुजानगढ़ की मलसीसर व गुड़ावड़ी, चूरू की राणासर व ढाढ़रिया बणीरोतान, सरदारशहर की बायला व भोजसरस, राजगढ़ की राघा बड़ी व चांदगोठी, बीदासर की चाड़वास व रेड़ा ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत–2024 के लिए सरपंच व प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले की विभा पारीक व मोनिका गौड़ से किया संवाद, दी शुभकामनाएं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीकानेर की रहने वाली तथा जिले के राजकीय लोहिया महाविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पर नवनियुक्त डॉ विभा पारीक और सरदारशहर निवासी व सरदारशहर ब्लॉक मुख्यालय पर आईसीडीएस में एलएस के पद पर नवनियुक्त मोनिका गौड़ से संवाद किया और नियुक्ति की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर संवाद के अंश – मुख्यमंत्री शर्मा– अब हम चलते हैं चूरू के लिए विभा– परम आदरणीय मुख्यमंत्री जी को मेरा सादर प्रणाम मैं डॉ विभा परीक, हिन्दी साहित्य से सहायक आचार्य के पद पर चयनित हुई हूं। मैं राजस्थान सरकार का विशेष आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने विभिन्न विभागों में विभिन्न रिक्त पदों पर ईमानदारी, पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ नियुक्तियां प्रदान की, उससे शिक्षित बेरोजगार लाभान्वित हुए हैं। आपका विशेष आभार। शर्मा–बहुत अच्छा विभा जी, अब मोनिका गौड़ मोनिका–परम मुख्यमंत्री जी को मेरा नमस्कार, मेरा नाम मोनिका गौड़ है। मैं सरदारशहर, चूरू से हूं और मेरा चयन आईसीडीएस में एलएस के पद पर हुआ है। इसके लिए, मैं मुख्यमंत्री जी को सादर धन्यवाद देना चाहती हूं और मेरे परिवार में बहुत खुशी का माहौल है। मेरा वर्षों पुराना यह सपना आज आपकी वजह से सच हो हुआ है। शर्मा– बहुत अच्छा। बहुत–बहुत शुभकामनाएं। हमारे विधायक हरलाल सहारण जी, बसंत जी सभी बैठे हैं, उनको भी बहुत –बहुत शुभकामनाएं और आप, जिन भाई और बहनों को नियुक्ति–पत्र मिला है, उनको ढेर सारी शुभकामनाएं।

# राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान हमारी सांस्कृतिक पहचान हमारी हवेलियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चूरू व राजस्थान कला संस्कृति एवं विरासत संरक्षण अभियान के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान दिवस पर चूरू जिले की हवेली संपदा वर्तमान दशा व संरक्षण विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

परिचर्चा की अध्यक्षता कर रहे भित्ति चित्र विशेषज्ञ अरविन्द शर्मा ने कहा– कि जिन सेठ साहूकारों ने हवेलियां बनवाई, समाज को चाहिए कि उन्हें उचित सम्मान दें और हवेली संरक्षण केवल सरकारों का ही दायित्व नहीं है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा– कि आकर्षक भित्ति चित्रों से समृद्ध हवेलियां हमारे शहर की पहचान हैं। बाहर से लोग इन्हें देखने के लिए आते हैं किन्तु हमारे शहर की युवा पीढ़ी को इसकी बहुत कम जानकारी है। परिचर्चा में पर्यटन विभाग बीकानेर संभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ भी ऑनलाइन संदेश के माध्यम से जुड़े। राठौड़ ने कहा कि ऐसी परिचर्चाएं निश्चित ही हवेली संरक्षण में उपयोगी साबित होगी। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. सुरेन्द्र डी. सोनी ने कहा– कि हवेलियों की दुर्दशा का मुख्य कारण इनकी उपेक्षा है क्योंकि मालिक व्यवसाय के लिए बाहर रहते हैं और इनकी सार संभाल करने वाला कोई नहीं है। महणसर से पधारे विशिष्ट अतिथि राजेश शर्मा ने कहा– कि अगर हवेलियों को पर्यटन से जोड़ते हैं तो यह एक बहुत अच्छा व्यवसाय बन सकता है और इनका संरक्षण भी हो सकता है। अनुराग शर्मा ने कहा कि हवेली निर्माण में जिस मेटेरियल का उपयोग होता था वह भौगोलिक स्थिति के अनुसार होता था। इसी कारण हवेलियों में रोशनी व तापमान उचित मात्रा में होते थे। परिचर्चा का सारांश प्रो. डॉ. के.सी. सोनी ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि चूरू जिले में पर्यटन विभाग को पर्यटकों के लिए स्वागत केन्द्र खोलना चाहिए जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम संयोजक नितिन बजाज ने कार्यक्रम का विस्तृत परिचय दिया व संस्था की सांस्कृतिक सचिव सरला राव ने स्वागत भाषण दिया। कोमल जांगिड़ ने राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नगर श्री के सचिव श्यामसुन्दर शर्मा, मेघराज बजाज, हरिमोहन दाधीच, राजीव बहड़, गुरुदास भारती, मुन्नी डागा, पूजा सोनी, नरेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश तंवर, शिवकुमार सैनी, सत्यनारायण व्यास, छत्रसिंह डागा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित रहे। सुचित्रा कस्वां ने आभार व्यक्त किया। संचालन संस्था अध्यक्ष एडवोकेट रमेश सोनी ने किया।



# राजस्थान दिवस महोत्सव के पांचवे दिन हुआ मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन

## राजकीय सेवाओं में चयनित जिले के 120 युवाओ को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत नगर परिषद टाउन हॉल में शनिवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित नवचयनितों संबोधित करते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि सार्वजनिक सेवा में कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुये आगे बढ़ने के सतत प्रयास जारी रखे। लोकसेवक ईमानदारी से कार्य करते हुये कर्तव्यों का निर्वहन करे। इस दौरान कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का वी सी के जरिये सीधा प्रसारण किया गया।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में 120 नवचयनितों को प्रदान किये नियुक्ति-पत्र

जिला कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में छात्रावास अधीक्षक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग ऑफिसर,फार्मासिस्ट एवं एएनएम तथा महिला बाल विकास विभाग में महिला पर्यवेक्षक पद पर चयनित जिले के कुल 120 नवचयनितों को नियुक्ति पत्र एवं शुभकामना संदेश प्रदान किये। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीणा,,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसीपी बलभद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में युवा लाभार्थी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक संध्या का आयोजन मचकुंड पर

राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 मार्च, रविवार को मचकुंड, धौलपुर में संध्या 6.00 बजे से प्रारंभ होगा। इस विशेष अवसर पर स्थानीय लोक कलाकारों एवं प्रख्यात राजस्थानी कलाकारों द्वारा लोकगीत, मयूर नृत्य, फूलों की होली, चरकुला नृत्य सहित विभिन्न पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय भावना को समर्पित एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धौलपुर के प्रतिष्ठित एवं स्थानीय कवि अपनी काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। यह आयोजन राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं लोक परंपराओं को संजोने और बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# महिला स्वावलंबन के लिए ऐतिहासिक काम किया जा रहे हैं: राजेंद्र राठौड़



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष नीलम पूनिया के सुपुत्र स्व.सौरभ पूनिया की 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सौरभ पूनिया जागृति संस्थान एनजीओ द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेंद्र राठौड़ पूर्व कैबिनेट मंत्री व नेता प्रतिपक्ष, भाजपा लोकसभा प्रत्याशी पद्म भूषण देवेन्द्र झाझड़िया, चूरू विधायक हरलाल सहारण थे।

अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी विकास सिरोही निदेशक विकास फाउंडेशन जयपुर ने की। कार्यक्रम में पूर्व उप जिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, कौशल पूनिया,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़, भाजपा नेता दलीप पूनिया, खाद्य व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेश्याम डोकवेवाला, विमल पूनिया, सुरेंद्र नायक, रामवतार बैरासरिया , जितेन्द्र सैनी,नयूम कुरैशी, भरतसिंह झाझड़िया, प्रवेश ख्यालिया,कृष्ण भाकर, डॉ सतबाला हरि राम रोहिल्ला, प्रिया शर्मा,आदि थे कार्यक्रम संचालन भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण जांगिड़ ने किया । मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि सौरभ पूनिया जागृति संस्थान एनजीओ द्वारा महिला उत्थान के लिए महिला स्वावलंबन के लिए ऐतिहासिक काम किए जा रहे हैं उन्होंने राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को मिलने वाले लाभ विभिन्न प्रकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा की हमारी भजन लाल जी की सरकार ने बाड़मेर में महिला सम्मेलन करके महिला उत्थान के लिए करोड़ों रुपए महिलाओं को दिए हैं राजनीति में भी 33 परसेंट आरक्षण देकर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की आने वाले पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में भी महिलाओं को 33% आरक्षण दिया गया है भविष्य में लोकसभा में विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा होगी राज्य सरकार के द्वारा व केंद्र सरकार के द्वारा चल रही लखपति दीदी योजना उज्वला योजना ऐसी अनेक योजनाओं का विस्तृत चर्चा की और सौरभ पूनिया गो को महिलाओं के उत्थान के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया।

# संदीप बने राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** राष्ट्रीय बजरंग दल जयपुर प्रांत संगठन की तरफ से चूरू निवासी संदीप शर्मा पुत्र मदनलाल शर्मा को चूरू जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने शर्मा की संगठन में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी है। शर्मा को जिला अध्यक्ष बनाने पर शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की।

# बालिका महाविद्यालय में छात्राओं को दिलाई शपथ

**चूरू।** बालिका महाविद्यालय में एन.एस.एस.के तत्वावधान में राजस्थान दिवस साप्ताहिक उत्सव के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी कविता पंसारी के निर्देशन में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान की महान परंपराओं के सम्मान व विरासत भी और विकास की भावनाओं को ध्यान में रखने की शपथ ली गई।

# महिलाओं ने गाए मंगल गीत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अग्रसेन नगर में गणगौर पर्व के उपलक्ष अग्रसेन नगर की महिलाओं ने गणगौर माता व ईसरजी की पुजा अर्चना कर देश व राज्य में खुशहाली की मंगल कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने गणगौर माता के भजनों से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इस मौके पर महिलाओं ने गणगौर माता का बनौरा निकाला। इस दौरान महिलाओं ने गणगौर माता की कहानी सुनी।

# क्षेत्र के कृषको को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति किया जागरूक




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, पोकरण पर एकदिवसीय बौद्धिक संपदा अधिकार विषयक जागरूकता कार्यक्रम सूक्ष्म–लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली व एमएसएमई, तकनीकी विकास केंद्र (प्रसार केन्द्र) नागौर के संयुक्त तत्वाधान द्वारा आयोजित किया गया। एमएसएमई के प्रसार अधिकारी अरविन्द शर्मा ने बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार किसी व्यक्ति या संस्था को उनके रचनात्मक, आविष्कार, साहित्यक, कलात्मक कार्य, डिजाइन पर विशेष अधिकार प्राप्त होना ताकि वह उस कार्य को नियंत्रित कर सके और उसका उपयोग करके अपनी आजीविका में योगदान दे सकेगा। कृषक अपनी गतिविधियों जैसे पशुपालन, मुर्गीपालन, वर्मिकम्पोस्टिंग, बागवानी, फसल उत्पादन इत्यादि इकाईयों का पंजीकरण हेतु एमएसएमई वेबसाइट पर आवेदन करके अपने फर्म का प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकता है तथा इस प्रमाण पत्र की सहायता से किसान मेले, डेजर्ट फेस्टिवल, वर्कशॉप में अपना स्टाल लगाकर सरकार द्वारा लाभ प्राप्त कर सकता है। राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर के एडवोकेट राहुल महेश्वरी ने बौद्धिक संपदा प्रकार जैसे कि पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, औधोगिक डिजाईन, भोगोलिक संकेत – कैर, सांगरी, काचर, खेजड़ी इत्यादि पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पेटेंट (संशोधन) अधिनियम, 2005, ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999, कॉपीराइट अधिनियम, 1957, वस्तुओं का भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999, डिज़ाइन अधिनियम, 2000, राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति, 2016 पर प्रकाश डाला । उन्होंने समय–समय पर एमएसएमई द्वारा ऑनलाइन दी जाने वाली लघु उद्योग ट्रेनिंग और नया स्टार्टअप शुरू करने हेतु हर संभव तकनीकी सहायता देने का विश्वास दिलाया। केन्द्र के अध्यक्ष डॉ दशरथ प्रसाद ने बताया की जैसलमेर के जैविक खजूर, जीरा, इसबगोल, खड़ीन चना, गूगल, कुमट एवं इनके उत्पादों पर भोगोलिक संकेत प्राप्त करने के उपरान्त बाजार में अधिक कीमत प्राप्त करके किसान अपनी आमदनी में इजाफा कर सकता है । केन्द्र के पशुपालन वैज्ञानिक ने द्वितीयक कृषि प्रक्रिया पर जोर देने हेतु किसानो को प्रेरित किया। केन्द्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ के जी व्यास ने अपने विचारो से प्रतिभागियों को अवगत कराया।कार्यक्रम में रामदेवरा, बडली नाथूसर, गोमट, भैसडा, दुधिया, एका, लवा, बिलिया इत्यादि गावों से लगभग 80 कृषको एवं महिला किसानों, स्वय सहायता समूह, कृषि सखी, पशुमित्र, कृषक मित्र, कृषि महाविद्यालय के विधार्थियों ने प्रतिभाग किया।

## गणगौर माता की निकाली बंदौरी

**सादुलपुर।** कस्बे में गणगौर पूजन व बंदौरे निकाले जा रहे है। घरों में सुबह शाम गौर के गीत की गूंज और बनौरे निकालने की परंपराएं निभाई जा रही है इसी अवसर पर महाराणा प्रताप चौक सत्यनारायण मंदिर के पास महिलाओं ने गणगौर के गीत गाए और गौर के पूजन किया। इस अवसर पर बेलामल, रीनामल, बेबी सरावगी, प्रीति सरावगी,रेखा सरावगी, मनीष जांगिड़ ,आरती जांगिड़ खुशबू जांगिड़ आदि महिलाएं उपस्थित थी।



# 2000 के आस-पास राजस्थान के बेरोजगार युवाओ को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा

## युवा कांग्रेस चूरू प्रेस कॉन्फ्रेंस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** मुख्यालय स्थित होटल सन सिटी पैलेस में युवा कांग्रेस चूरू द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें आगामी 2 अप्रैल को जयपुर में युवा कांग्रेस राजस्थान द्वारा आयोजित किये जा रहे श्रोजगार मेला को लेकर जानकारी दी गई। जिलाध्यक्ष आसिफ खान बताया कि श्रोजगार मेला में 60 से ज्यादा राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर की कंपनी के प्रतिनिधि शामिल होंगे जो साक्षात्कार से लगभग 2000 के आस–पास राजस्थान के बेरोजगार युवाओ को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। जिला प्रभारी जय दत्त जांगिड़ ने बताया कि भाजपा की सरकार राजस्थान के युवाओ को रोजगार उपलब्ध नही करवा रही पढ़ा–लिखा डिग्री धारी युवा भी दर दर भटक रहा है इसलिए युवा कांग्रेस राजस्थान बेरोजगार युवाओं के लिए, एक अनूठी सौगात लेकर आई है। इस दौरान हर्ष लाम्बा, सुफ़ियान खान,अमन दाधीच,पवन चुलेट,बाबूलाल मेघवाल,नदीम खान,हेमंत सैनी आदि साथी उपस्थित थे।

# श्री पीताम्बरा आश्रम में वर्ष प्रतिपदा पर रविवार को विभिन्न कार्यक्रम

## नव वर्ष अभिनन्दन समारोह तथा पौधारोपण कार्यक्रम

**बांसवाड़ा।** भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष प्रतिपदा पर 30 मार्च, रविवार को गायत्री मण्डल बांसवाड़ा द्वारा वनेश्वर महादेव मन्दिर के पास संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में नव वर्ष अभिनन्दन समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर रविवार को प्रातः 9 बजे श्री पीताम्बरा आश्रम परिसर में नटवरानन्दी वेलफेयर फाउण्डेशन की ओर से परम्परागत प्रजातियों के दिव्य एवं दैवीय तथा औषधीय महत्व के पेड़–पौधे लगाए जाएंगे। रविवार को विधि–विधान से चैत्र नवरात्रि के अनुष्ठानों का शुभारंभ होगा। इनमें दिवसकालीन एवं रात्रिकालीन सत्रों में विभिन्न देवी–देवताओं के अनुष्ठान, दश महाविद्या अनुष्ठान और अर्चन क्रम होंगे तथा इन सभी साधनाओं का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री पीताम्बरा आश्रम में नियमित रूप से जारी यज्ञार्चन के साथ ही नवरात्रि में हनुमान साधना के विशेष प्रयोग होंगे तथा पुष्पों से सहस्त्रार्चन किया जाएगा।

# हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत का एम.जे.एफ. आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज कैम्पस में किया भव्य स्वागत

## 51 किलो की माला पहनाएमजेएफ ग्रुप के हजारों विद्यार्थियों व अध्यापकों ने पुष्प वर्षा कर किया अतिथियों का स्वागत




**चौमूं।** हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राजस्थान सरकार केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत,राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत का चौमूं पधारने पर महात्मा ज्योतिबा फूले आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज कैम्पस हाडोता में एमजेएफ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज एंड हॉस्पिटल के चेयरपर्सन कैलाश राज सैनी के सानिध्य में 51 किलों की माला, साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान एमजेएफ ग्रुप के मेनेजमेंट ग्रुप की विभिन्न संस्थाओं में अध्यनरत हजारों छात्र–छात्राएं, अध्यापक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने चैयरपर्सन कैलाश राज सैनी, विद्यार्थियों, अध्यापकों व अन्य उपस्थित नागरिकों का अभिवादन स्वीकार कर इस आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया एव एमजेएफ ग्रुप एवं विद्यार्थियों की कुशल भविष्य की कामना की।

# जयपुर के प्रताप नगर में मूर्ति तोड़ने मामले को लेकर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने जतायी नाराजगी

**सादुलपुर।** जयपुर के प्रताप नगर में वीर तेजाजी मूर्ति तोड़ने को लेकर तारानगर वरिष्ठ विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने नाराजगी जतायी है। विधायक बुड़ानिया ने कहा मूर्ति तोड़ना न केवल हमारी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है किया है बल्कि समाज में अराजकता फैलाने का भी प्रयास किया है। विधायक बुड़ानिया ने सरकार व प्रशासन से उक्त घटना की जांच कर दोषियों को कठोर से कठोर सजा देने एवं पूर्ति का पुनः प्रतिष्ठापन करने की मांग की है ताकि भक्तों की श्रद्धा बनी रहे। विधायक ने कहा वीर तेजाजी महाराज के अपमान को सहन नहीं किया जाएगा।



# तानिया सिसोदिया को राजस्थान सरकार की ओर से मिली स्कूटी

**चूरू।** राजकीय बालिका महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान सरकार की कालीबाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी योजना अन्तर्गत राजकीय बालिका महाविद्यालय चूरू की छात्रा तानिया सिसोदिया पुत्री तय्यब सिसोदिया द्वारा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षा में उच्चतम प्राप्तांक प्राप्त करने पर राजकीय लोहिया पीजी महाविद्यालय चूरू में स्कूटी प्रदान की गई।



जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, रविवार, 30 मार्च, 2025 ▶▶ वर्ष 16 ▶▶ अंक 328 ▶▶ पृष्ठ 12 ▶▶ मूल्य 1.50 रु.




धुरंधर को खुद करना चाहती थी यामी

पेज: 10

## राजस्थान दिवस महोत्सव

# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन

## राज्य सरकार विकास में युवा शक्ति का योगदान कर रही सुनिश्चित

### युवा उद्यमिता को मिल रहा बढ़ावा, रोजगार के अवसर हो रहे सृजित, सीएम भजनलाल शर्मा

### राजस्थान दिवस केवल उत्सव नहीं, नवीन राजस्थान के निर्माण का संकल्पः लोस. अध्यक्ष ओम बिरला

**मुख्यमंत्री ने युवाओं को दिया रोजगार का उपहार**

**7 हजार 800 से अधिक कार्मिकों को मिले नियुक्ति पत्र**

**मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान का हुआ शुभारंभ**

**कोटा के कार्यक्रम में युवा उत्साहित**

**सरकार के कदम से युवाओं की मिल रही ताल**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कोटा/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि युवा शक्ति का प्रदेश के विकास और राष्ट्र निर्माण में अधिक से अधिक योगदान सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में हम युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने और उनकी प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार युवा उद्यमिता को बढ़ावा देने के साथ ही, सरकारी और निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के अपने संकल्प पर तेजी से काम कर रही है। जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेला एवं कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है, ताकि हर क्षेत्र के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार अवसर मिल सकें।

शर्मा राजस्थान दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार को कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय राजस्थान दिवस महोत्सव हमारी मातृशक्ति, युवा शक्ति, अन्नदाता और अंत्योदय को समर्पित हैं।

उन्होंने कहा कि हम युवाओं को रोजगार देने के साथ ही उनमें उद्यमिता का विकास कर उन्हें रोजगार देने योग्य भी बना रहे हैं।

### पूर्ववर्ती सरकार में युवाओं के साथ हुआ अन्याय

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में प्रदेश के युवाओं को हर कदम पर अन्याय और अत्याचार का सामना करना पड़ा। पेपरलीक के कारण उनके सपनों पर कुठाराघात हुआ। हमने सरकार बनते ही पेपरलीक की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया जो पेपरलीक माफिया को सलाखों के पीछे पहुंचा कर युवाओं को न्याय दिलवा रही है।*

### युवा नीति युवाओं के सर्वांगीण विकास का रोडमैप

शर्मा ने कहा कि आज कौशल नीति और युवा नीति का विमोचन किया गया है। कौशल नीति का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक तकनीकों का कौशल प्रदान कर उद्योगों की जरूरत के मुताबिक तैयार करना है। वहीं, युवा नीति युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक रोडमैप है, जिसमें युवा विकास के सभी पहलू शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पहले ही साल में 16 नीतियां जारी की है, जो काम और परिणाम के प्रति हमारे समर्पण को दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए सरकार के पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया, जिसमें 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय विकास में शिक्षा के महत्व को देखते हुए 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' लागू की है। यह एक समावेशी और प्रेरक नीति है, जो शिक्षा और रोजगार में बड़ा बदलाव लाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति की भावना के अनुरूप ही राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में नए बी.टेक और एम.टेक कोर्स शुरू किए गए हैं, जो आज के बदलते दौर में इंडस्ट्री की मानव संसाधन की मांग पूरी करने में सहायक साबित होंगे। शर्मा ने कहा कि'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान'सेप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन को गति मिलेगी।

### राज्य बजट में युवा कल्याण से संबंधित ढेरों घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में भी हमने युवा कल्याण की ढेरों घोषणाएं की हैं। वन विभाग में 1750 कर्मचारी, 4 हजार पटवारी और 10 हजार स्कूल शिक्षकों की भर्तीसहित करीब सवा लाख पदों पर नियुक्ति यां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि 67 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति यां प्रदान की जा चुकी हैं और विभिन्न संवर्गों के 96 हजार से अधिक पदों के लिए विज्ञापन जारी हो चुके हैं। ड्राइवर और चतुर्थ श्रेणी जैसी वे भर्तियां भी कर रहे हैं, जो लंबे समय से अटकी हुई थीं। हमने पहली बार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53 हजार से अधिक रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी कर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की है।



## मुख्यमंत्री ने किया नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न जिलों में नव नियुक्तकार्मिकों के साथ संवाद कर उनकी हौसला अफ्जाई की। डूंगरपुर जिले में नियुक्तदृष्टि बाधित सहायक आचार्य संदीप ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिए गए नियुक्ति के तोहफे से उनके अंधेरे जीवन में खुशियों का उजाला लौट आया है। वहीं, दौसा जिले में महिला पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत कोमल शर्मा ने बताया कि बहुत कम समय में भर्ती प्रक्रिया पूरी होने से रोजगार के लिए उनका इन्तजार खत्म हुआ। दौसा जिले में ही फार्मासिस्ट पद पर नियुक्तमनमोहन सिंह ने कहा कि लम्बे समय से अटकी भर्ती को पूरा कर राज्य सरकार ने बेरोजगार युवाओं को संबल दिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राजस्थान दिवस केवल इतिहास और परंपराओं का उत्सव नहीं है, बल्कि विकसित राजस्थान के संकल्प को दोहराने का अवसर है। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान स्किल पॉलिसी, युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना और युवा नीति 2025 युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। बिरला ने कहा कि कोटा में प्रस्तावित स्किल इंस्टीट्यूट आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान का केंद्र बनेगा। एयरपोर्ट, एयरो सिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी और मेडिकल टूरिज्म हब के निर्माण से यहां औद्योगिक और शैक्षिक क्रांति नया दौर शुरू होगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान के नव निर्माण और आत्मनिर्भरता की दिशा में संकल्प लें। इस अवसर पर ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय नववर्ष पर राजस्थान दिवस मनाए जाने की विशेष पहल की है।

### मुख्यमंत्री शर्मा ने दी युवाओं को कई सौगातें

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा वर्ग को कई सौगातें देते हुए विभिन्न विभागों में नव चयनित कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। प्रदेशभर में 7 हजार 800 से अधिक कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। इसके साथ ही शर्मा ने 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का भी शुभारंभ किया। इस दौरान अभियान से संबंधित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन एवं विवरणिका का विमोचन किया गया। शर्मा ने शिक्षा विभाग के दो ऐप एवं आरएसओएस अन्तर्गत ऑन डिमाण्ड परीक्षा तथा डिजिटल प्रवेश उत्सव का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को बैग एवं यूनिफॉर्म की डीबीटी की शुरूआत की। कार्यक्रम में युवा नीति एवं स्किल नीति का विमोचन, निजी क्षेत्र में रोजगार पर 10 हजार रूपये की सहायता हेतु योजना के दिशा-निर्देश, द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन हेतु दिशा-निर्देश, अटल ज्ञान केन्द्र तथा नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के तहत आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

# म्यांमार भूकंप में अब तक 1644 से ज्यादा लोगों की मौत

### 3400 से ज्यादा घायल, शनिवार को फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप

### मोदी ने सैन्य सरकार के प्रमुख से बात की

### म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी



**नेपीदा।** म्यांमार में शनिवार दोपहर 3.30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ने जताई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। वहीं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मुताबिक मरने वालों का आंकड़ा 1644 हो चुका है, जबकि 3,408 से ज्यादा लोग घायल हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई है। इसमें 10 लोगों की मौत हुई है। गौरतलब हैकि म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है।

### भारत ने म्यांमार भेजी 15 टन राहत सामग्री और 80 रेस्क्यू वर्कर्स

भूकंप के बाद भारत ने म्यांमार में 15 टन राहत सामग्री और एनडीआरएफ के 80 बचाव कर्मियों का एक दल भेजा है। इसे 'ऑपरेशन ब्रह्मा' नाम दिया गया है। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने म्यांमार की जनता सरकार के प्रमुख जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बातचीत की। पीएम ने कहा कि करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मानवीय सहायता की पहली खेप ले जा रहे भारतीय वायुसेना के सी-130 जे विमान की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें टेंट, स्लीपिंग बैग, खाने के पैकेट, स्वच्छता किट, आवश्यक दवाइयाँ और बहुत कुछ शामिल है।

### यूएन ने म्यांमार को 43 करोड़ रुपए की मदद

संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपए) दिए। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचाव कर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा। चीनी की रेस्क्यू टीम सबसे पहले पहुंची। हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भजेंगे।

### म्यांमार और थाईलैंड के बाद मणिपुर में भी आया भूकंप

**इंफाल।** मणिपुर के नोनी में शनिवार को 3.8 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप दोपहर 2.31 बजे आया। इसका केंद्र मणिपुर के नोनी जिले में था। भूकंप की गहराई 10 किलोमीटर मापी गई। पूर्वोत्तर भारत भूकंप संभावित क्षेत्र में आता है और यहां अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस क्षेत्र में भूगर्भीय हलचलें अधिक सक्रिय रहती हैं, जिससे समय-समय पर भूकंप आते रहते हैं।

## राज्यपाल के हेलीकॉप्टर से उठा धुंआ

### तकनीकी खामी के चलते हुआ हादसा, राज्यपाल सड़क मार्ग से गए खेतलाजी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के हेलीकॉप्टर में शनिवार को अचानक धुंआ उठने लगा। ऐसे में उसकी उड़ान रोकनी पड़ी और सड़क मार्ग से राज्यपाल सोनाणा खेतलाजी में आयोजित कार्यक्रम में गए। बताया जा रहा है कि ऐसा तकनीकी खराबी के चलते हुआ। ऐसे में फिलहाल हेलिकॉप्टर पाली शहर के सर्किट हाऊस के पास गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड में है।

राज्यपाल दो दिवसीय दौरे को लेकर पाली आए हुए है। दिन में उन्होंने जिलास्तरीय अधिकारियों की कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक ली। उसके बाद सोनाणा खेतलाजी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शनिवार शाम को सड़क मार्ग से रवाना हुए। बताया जा रहा है कि जब हादसा हुआ उस समय राज्यपाल हेलिकॉप्टर में नहीं थे। क्रू मेंबर हेलिकॉप्टर को वापस जयपुर ले जा रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की चेटीचण्ड पर शुभकामनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चेटीचंड के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि वरूण अवतार भगवान श्री झूलेलाल ने सामाजिक सद्भाव, त्याग, समर्पण, प्रेम और अहिंसा जैसे मानवीय मूल्यों की स्थापना कर समाज को उन्नति की राह दिखाई।



## छत्तीसगढ़ के सुकमा में 17 नक्सलियों का एनकाउंटर, कमांडर भी मारा गया

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। डीआरजी और सीआरपीए एफ के 500-6 00 जवानों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया। इनमें 11 महिला नक्सली हैं। मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के उपमपल्ली में हुई। मारे गए नक्सलियों में नक्सल संगठन एनएसजीएम स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर जगदीश उर्फ बुधरा भी शामिल है। बुधरा पर 25 लाख का इनाम घोषित था। वह दरभा घाटी के झीरम कांड में शामिल था। 2013 में हुई इस वारदात में कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े कांग्रेसी लीडर मारे गए थे। इससे पहले 25 मार्च को सुरक्षाबलों ने 25 लाख रुपए के इनामी नक्सली सुधीर उर्फ सुधाकर समेत 3 नक्सलियों को मार गिराया था। बस्तर रेंज में जवानों ने इस साल अब तक 100 नक्सलियों का एनकाउंटर किया है।



# पं. बंगाल में हिंसा, इंटरनेट बंद, 34 गिरफ्तार

## उपद्रवियों ने दुकानें-गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं।

हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। इस दौरान भीड़ ने दुकानों, घरों और गाड़ियों में तोड़फोड़ और लूट की।



### भाजपा का दावा हिंदू मंदिरों और घरों में तोड़फोड़ की गई

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा- बुधवार से मोथाबाड़ी में स्थिति तनावपूर्ण है। हिंदू मंदिरों और घरों में तोड़फोड़ की गई। मैंने राज्यपाल सीवी आनंद बोस से बात की है और गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय से भी संपर्क किया है। सवाल यह है कि बंगाल में ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। हमें शुक्रवार को हिंसा प्रभावित मोथाबाड़ी में जाने से रोका गया। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने मोथाबाड़ी हिंसा को लेकर गवर्नर सीवी आनंद बोस को पत्र लिखा है। सुवेंदु ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार में अराजकता है। इसलिए राज्य सरकार को तत्काल प्रभाव से मोथाबाड़ी में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात करने का निर्देश देना चाहिए।

### पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े

स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। मालदा पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे शांति बनाए रखें।

## लोक संस्कृति के उत्सव गणगौर में मातृशक्ति का जोश कई गुना बढ़ गया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** नोहर के जाने-माने पुश करना समाजसेवी प्रदीप पुरोहित ने कहा है कि लोक संस्कृति के उत्सव गणगौर के अंतिम चरण में मातृ शक्ति का जोश कई गुणा बढ गया विगत दिनों से गणगौर के सोलह दिवस के इस



उत्सव में आधुनिकता का समावेश करते हुए रिंग सिरेमनी, हल्दी, मेंहदी , मायरा, महिला संगीत आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये अब बंदोरा रश्म का दौर प्रारम्भ है इसी क्रम में प्रदीप पुरोहित के घर से बंदोरा रश्म के पश्चात अन्य घरों में जो आमंत्रण देते है बंदोरा निकाला जा रहा है । प्रत्येक उत्सव के लिए रंग बिरंग पोशाक में बहन बेटियों का उत्सात चरम पर रहता है । ढोल व बैन्ड की धुन पर अलग अगल राजस्थानी व गणगौर के गीतों से माहौल खुशनुमा हो रहा है । गाये जाने वाले गीतों का क्रम गौर ए गणगौर माता खोल ए किवाडी, आ टीकी म्हारी ग्वारा बाई के सोवे, हाँ जी म्हारी गवरां बाई ने चूंडलीरो चाव, ऊँचो चवरो चौखुटो, ऐळ खेळ आदि है कोमल व प्रतिमा पुरोहित ने विस्तार उत्सव के महत्व को बताया । इस गणगौर दल में दिव्या , छवि, चारू, युक्ति, कुसुम, प्रमिला, भूमि, स्वाति, जयश्री, प्रिया, सोनल, निकिता, मान्या, उदिता, पूनम, पूजा, रोमिका, मुस्कान, सोनाली, सपना, श्री, रीत, ममता कनिश्का ,साक्षी आदि बालिकाए है। प्रात: काल से रात्रि तक चलने वाले कार्यक्रम में इनका मार्गदर्शन सन्तोष पुरोहित, राजकुमारी, मनीषा, व पुष्पा करती है ।

## गौशाला में गौ माता को गुड चूरी खल का भोग लगाया



**सादुलपुर।** श्री गोपाल गौशाला, दुलचासर में नवयुवक गौभक्त पप्पू पुत्र रूपाराम मेघवाल निवासी दुलचासर आप सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहेंगे कि इनकी गोमाता के प्रति श्रद्धा है ये हर खास मौकों पर जैसे अमावस्या ग्यारस पूर्णिमा होली दीपावली जन्मदिवस या अन्य आयोजन पर गौशाला निरंतर आते रहते हैं। शनिवार चैत्र अमावस्या के दिन गो माता को गुड़, चुरी, खल का भोग लगाते हुए। इन पर गौ माता की कृपा बनी रहे। ये सदैव सुखी स्वस्थ और निरोग रहे।

## कांग्रेसी नेता लाल मोहम्मद लक्की ने पाक ए रमजान रोजा इफ्तार पार्टी की दावत दी

**सादुलपुर।** राजगढ़ में पाक ए रमजान के मौके पर लाल मोहम्मद लक्की पूर्व पार्षद अफरोज बानो लक्की ने अपनी आवास पर रोजा इफ्तार दावत का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें मुख्य पूर्व विधायक कमला कस्वां पूर्व विधायक डॉक्टर कृष्णा पूनिया व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तहसील



अध्यक्ष अशोक पूनिया तथा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रजिया गहलोत के पतिदेव नियाज मोहम्मद गहलोत पूर्व पुलिस अधीक्षक पूर्व पार्षद सुलेमान चौहान जहीर अहमद महेंद्र दिनोदिया दीपचंद प्रजापत व जोधपुर विद्युत वितरण निगम के पूर्व एमडी निसार मोहम्मद चौहान व पूर्व मुख्य अभियंता निसार मोहम्मद चौहान, जलदायिक पूर्व सहायक अभियंता मुमताज मुगल तथा एडवोकेट बलवीर जांगिड़ दीवानचंद श्योराण इमरान खान तथा महिपाल पूनिया ,शिक्षा विद् प्रताप सिंह कस्वां पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रमेश पूनिया, सज्जन सिंह चांद गोठी रामचंद्र सिंह राठौड़ दिलीप जांगिड़ मनोज झाझडिया सत्यनारायण शर्मा हाजी ताज मोहम्मद शेख टीआई हनीफ शेख , हाजी लतीफ खींची रजाक मिस्त्री ठेकेदार बलवान कुरैशी निसार कायमखानी राजेश शर्मा मंगतू मामा प्रजापत आमीन गहलोत मौलवी साकिर ओमप्रकाश सैनी भरत मुद्गगल भंवरलाल नायक हरदयाल पूनिया मुकेश इंदौरा आदि शहर के गणमान्य महानुभाव व रोजेदारों ने इस अवसर पर शिरकत की व रोजे की नमाजअदा की तथा अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी।

## 30 मार्च 2025 रविवार को भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर द्वारा नव संवत्सर मनाया जाएगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9.00 बजे से 10.30 बजे तक भगत सिंह सर्किल पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित मंडल अध्यक्ष,पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे30 मार्च 2025 रविवार को भारतीय जनता पार्टी अलवर शहर द्वारा नव संवत्सर (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) मनाया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 9.00 बजे से 10.30 बजे तक भगत सिंह सर्किल पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित मंडल अध्यक्ष,पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# ग्राम पंचायत खोखर में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में हुआ रात्रि चौपाल का आयोजन

### उप कारागृह का भी किया निरीक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** जिले के परबतसर उपखंड की ग्राम पंचायत खोखर में शुक्रवार को जिला कलक्टर पुखराज सेन की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित हुई। इस दौरान रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर सेन ने आमजन की विभिन्न जन समस्याओं की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आमजन के परिवादों का निस्तारण कर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याओं के परिवाद दिए गए।



इनमें पेयजल आपूर्ति,राशन कार्ड बनाने,अतिक्रमण हटाने, सड़क निर्माण,पीएम आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन,साफ-सफाई, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने,रास्ता सही कराने सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने सहित अन्य परिवाद दिए गए। इस पर जिला कलक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्त परिवादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

इस दौरान जिला कलक्टर सेन ने परबतसर स्थित उप कारागृह का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की।

रात्रि चौपाल में परबतसर एसडीएम रतन टाडा,सभी जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी सहित संबंधित तहसीलदार, बीडीओ, सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, विद्युत विभाग के अधिकारी, कार्मिक एवं ग्रामीण सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खुनखुना पुलिस ने 3 शातिर बाइक चोरों को पकड़ा, 15 मोटरसाइकिल बरामद

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले में पुलिस ने बाइक चोरी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। थाना खुनखुना पुलिस ने तीन शातिर



वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी रणवीर, रिछपाल और सीताराम के कब्जे से 15 बाइक बरामद की हैं। जांच में सामने आया कि तीनों पेशेवर वाहन चोर हैं। इनमें से रिछपाल के खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी और नकबजनी के चार मामले पहले से दर्ज हैं। थाना खुनखुना पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है। पुलिस की सख्त निगरानी से क्षेत्र में आमजन का सुरक्षा के प्रति भरोसा बढ़ा है। डीडवाना-कुचामन पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी है। इससे क्षेत्र में अपराध दर कम होने के साथ सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो रही है।

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 'रन फॉर फिट राजस्थान' मैराथन दौड का हुआ आयोजन

**अलवर ।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को 'रन फॉर फिट राजस्थान' मैराथन दौड का आयोजन मिनी सचिवालय स्थित जिला कलक्ट्रेट कार्यालय से इंदिरा गांधी स्टेडियम तक किया गया, जिसमें बडी संख्या में जिले के युवाओं ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। मैराथन को अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर महावर ने मुम्बई में आयोजित 4 इंडियन ओपन नेशनल थ्रो कॉम्पटीशन के अंडर-18 वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रही अलवर निवासी सुनैना पूनिया को साफा, माला, मेडल पहनाकर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा, खेलो इंडिया कोच सुरेन्द्र कुमार सहित बडी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## निर्माण श्रेणी के वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग कि जिले में बड़ी कार्रवाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** राज्य सरकार द्वारा आवंटित राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में निर्माण श्रेणी के वाहनों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई।

जांच अभियान में पाली-चुरारी बाड़ी क्षेत्र एवं बाड़ी बसेड़ी व राजाखेड़ा क्षेत्र में रेल्वे प्रोजेक्ट के आसपास की गई कार्रवाई में निर्माण श्रेणी के वाहनों पर प्रशमन राशि वसूली गई। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि सघन रूप से की गई कार्रवाई में बाड़ी क्षेत्र के पाली- चुरारी एरिया से एक बैकहो लोडर, एक बूम प्लेसर एक क्रेन व 4 डंपरों को सीज किया गया है।

# अलवर में गो तस्कर की पैदल परेड

### आमजन में विश्वास की थीम पर कार्रवाई, 50 हजार का इनामी था

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** पुलिस ने 50 हजार रुपए के ईनामी गोतस्कर मित्तल मेव को



गिरफ्तार कर शनिवार को शहर में उसकी पैदल परेड कराई। ताकि बदमाशों को पुलिस का भय रहे और आमजन में बदमाशों का भय खत्म हो। पुलिस ने आरोपी की स्रूष्ठ सर्किल से पुलिस कंट्रोल रूम तक आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय की थीम पर पैदल परेड कराई। ताकि अपराधियों को कड़ा संदेश मिले। शहर में कुछ दिन पहले गो तस्करी की घटना सामने आई थी। गोतस्कर आरोपी मित्तल मेव गो तस्करी करता है। तस्करी के अलग-अलग मामले में मित्तल फरार था। अन्य तस्कर अभी फरार हैं। पुलिस ने बताया कि मित्तल पर 50 हजार रुपए का इनामी बदमाश था। शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों को चेतावनी देने के उद्देश्य से पैदल परेड कराई गई। इस कार्रवाई के दौरान सीओ सिटी अंगद शर्मा, कोतवाली थानाधिकारी नरेश शर्मा और एनईबी थानाधिकारी दिनेश चंद मीणा सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। सीओ सिटी अंगद शर्मा ने बताया कि अभी और भी आरोपी फरार हैं, जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

# आरएसएस नहीं चाहती कि महिलाओं को उनके अधिकार मिले : टीकाराम जूली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आरएसएस संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि आरएसएस नहीं चाहती कि महिलाओं को उनके अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दो विचारधारा चल रही है एक अंबेडकर की जो सभी को साथ लेकर चलना चाहती हैं दूसरी आरएसएस की विचारधारा अगर हमने अब भी यह बात नहीं समझी तो हमारी आने वाली पीढ़ी हमे कभी माफ़ नहीं करेगी। जूली बोले संविधान को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है।

जूली शनिवार को अलवर राजगढ़ के देवती गांव में बाबासाहेब की प्रतिमा अनावरण एवं विधायक कोष से निर्मित सामुदायिक भवन के शिलान्यास समारोह में मुख्य अतिथि के तौर



पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने विषम परिस्थितियों मे शिक्षा पूरी करते हुए देश को एक नई दिशा दी। जूली ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि दिग्गज अर्थशास्त्री के रूप में जाने जाते रहे।उन्होंने सिंबल ऑफ नॉलेज का जो कीर्तिमान हासिल किया उसकी गूंज विदेशों तक आज भी है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले डॉ अंबेडकर ने शिक्षा के क्षेत्र में देश को विकास की दिशा में ले जाने की नींव रखी।

उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के आर्थिक ढांचे को विकसित करने तथा आर्थिक सिद्धांतों और उनके विश्लेषण में उनका अतुलनीय योगदान भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विधायक कांति मीणा,मांगीलाल मीणा,डीसी बैरवा, प्रधान भौंरी राजेंद्र सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष हिम्मत सिंह चौधरी, चुन्नीलाल, शिवचरण बलाई,एल एन वर्मा, निहाल सिंह, बी आर शास्त्री,बनवारी मीमरोठ, छोटेलाल जाटव, सूरजभान, शीशराम, राजेश बैरवा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिले में 255 नव नियुक्त कार्मिकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** राजस्थान दिवस (चैत्रा शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय कार्यक्रमों की कड़ी में पांचवे दिन शनिवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले में 255 नव नियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्रा सोंपे गए। नियुक्ति पत्रा मिलने पर नव नियुक्त कार्मिकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई तथा नव कार्मिकों ने भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध व पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

कोटा के दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवा



कल्याण-बढ़ता राजस्थान के उद्देश्य को साकार करते हुए प्रदेश के 7800 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों को 300 करोड रुपए से अधिक की राशि के हस्तान्तरण का शुभारंभ, मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना-2025, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, डिजिटल प्रवेश उत्सव एप, आरएसओएस- ऑन डिमांड परीक्षा, जिला मुख्यालय पर रोजगार मेलों के आयोज एवं यूनिफॉर्म एवं स्कूल बैग के लिए सहायता राशि का डीबीटी द्वारा भुगतान का शुभारंभ किया तथा स्किल्स नीति एवं युवा नीति का विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अटल ज्ञान केंद्र, नई किरण नशा मुक्ति केंद्र, निजी क्षेत्रा में रोजगार पर वित्तीय सहायता तथा द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन के दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, सीडीईओ महेश गुप्ता, बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय के प्रिंसिपल अशोक आर्य, आनन्द बेनीवाल, जितेंद्र सैनी सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में नव नियुक्त कार्मिक एवं आमजन मौजूद रहे।



नोहर नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

## श्री रामनवमी और गणगौर पर्व पर आयोजित होंगे अनेक भव्य कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** श्री रामनवमी और राजस्थान की संस्कृति से जुड़े गणगौर पर्व पर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इसमें गणगौर मेला, सांस्कृतिक झांकिया, रात्रि कालीन भजन संध्या और श्रीराम वाटिका में भगवान श्री राम की 11 फिट की भव्य प्रतिमा की स्थापना प्रमुख होगी । ये जानकारी आज नोहर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कार्फ्रेस में नगर पालिका अध्यक्ष हाजन खातून बानो टॉक और राजस्थान मदरसा बोर्ड की पूर्व चेयरमैन मेहरूनिशा टॉक ने दी । प्रेस कॉन्फ्रेंस में टॉक ने बताया कि राजस्थानी संस्कृति के प्रतीक गणगौर पर्व पूरे धूम धाम से मनाया जाएगा इस पर्व के अवसर पर गणगौर की भव्य सवारी निकाली जाएगी और रात्रि को नगर पालिका में जागरण का आयोजन किया जाएगा । श्री राम नवमी के अवसर श्रीराम वाटिका में 2 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। इसके तहत 6 अप्रेल को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी कलश यात्रा में 1100 महिलाएं भाग लेगी ।श्रीराम वाटिका में पूरे विधि विधान और मंत्रोचारण के साथ भगवान श्रीराम की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। 7 अप्रेल को श्रीराम वाटिका में एक विशाल भजन संध्या आयोजित की जाएगी जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक छोटू सिंह रावना अपनी प्रस्तुति देंगे। टॉक ने रामनवमी के अवसर पर नागरिकों से अपने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को सजाने की अपील भी की। पार्षद गंगाराम पांडिया,पार्षद संतलाल रैगर ,पार्षद पवन कंदोई,पार्षद सुरेन्द्र सैनी,भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बसंत तिवारी मुरलीधर छीपा ,राहुल नागल और गजेंद्र जोशी उपस्थित रहे।

## मोनिका भारती ने सादुलपुर राजगढ़ तारानगर में खाद्य व्यापार विक्रेता निर्माता थोक रिटेलर को ट्रेनिंग दी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में शनिवार को आयुक्त खाद्य सुरक्षा औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर व सीएमएचओ डॉक्टर मनोज कुमार शर्मा के आदेशानुसार खाद्य व्यापार मंडल तारानगर व राजगढ़ के खाद्य विक्रेताओं



को भारत सरकार द्वारा खाद्य व्यापार विक्रेता निर्माता थोक रिटेलर को फर्स्ट ट्रेनिंग शनिवार को भारत सरकार द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि मोनिका भारती ट्रेनिंग पार्टनर आजाद एग्रोह व खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल बाजिया द्वारा कुल 150 खाद्य कारोबार कर्ता होटल रेस्टोरेंट गल्ला किराना स्टोर मिष्ठान भंडार निर्माण कर्ता इकाई को निशुल्क ट्रेनिंग एवं कुल 25 खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही जारी किए गए उक्त फर्स्ट ट्रेनिंग शिविर चौधरी धर्मशाला तारानगर एवं चंगोई धर्मशाला घंटाघर के पास में मार्केट राजगढ़ में संपन्न करवाया गया टीम में मदनलाल कपिल कुमार शर्मा डीईओ सोहनलाल डीईओ इस्लामुद्दीन सहायक कर्मचारी चुन्नीलाल वाहन चालक मौजूद रहे।

## प्रताप नगर में वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा खंडित, सुमित्रा पूनिया ने की निंदा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर-3 में लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने की घटना सामने आई है। इस कृत्य को लेकर सादुलपुर से भाजपा प्रत्याशी




सुमित्रा पूनिया ने कड़ी निंदा व्यक्त की है और इसे करोड़ों भक्तों की आस्था पर सीधा प्रहार बताया है। भाजपा नेत्री सुमित्रा पूनिया ने कहा कि इस तरह की घृणित घटनाएं समाज में अशांति फैलाने का प्रयास हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अपने बयान में कहा, लोक देवता वीर तेजाजी महाराज राजस्थान की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा को खंडित करना केवल एक मूर्ति को क्षति पहुंचाना नहीं है, बल्कि हमारी आस्था को चोट पहुंचाने के समान है।

**प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग:** घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है और उन्होंने भी दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को शीघ्र ही कानून के दायरे में लाया जाएगा। भाजपा नेत्री सुमित्रा पूनिया ने प्रदेशवासियों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है और विश्वास जताया है कि प्रशासन दोषियों पर उचित कार्रवाई करेगा।

## नशे से दूरी जीवन के लिए अति जरुरी पर हुई चर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** करनाल हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम भी किये जा रहे हैं। इस कड़ी में आज ब्यूरो द्वारा तरावड़ी में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बस अड्डे पर बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को एकत्रित कर जागरूक किया और उन्हें बकेट चैलेंज के माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। युवाओं को जागरूक करते हुए डॉ वर्मा ने बताया कि बकेट चैलेंज से अभिप्राय है कि जिस प्रकार बाल्टी के दूषित जल को हम अपने दैनिक जीवन में किसी भी प्रयोग में नहीं लाते हैं, जैसे स्नान करना, बर्तन धोना, सेवन करना आदि। ठीक उसी प्रकार नशे की तुलना दूषित जल से करते हुए उसे जीवन से बाहर फेंक दें। युवाओं ने इस चैलेंज को स्वीकार किया और कहा कि नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। डॉ.अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नशा के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते है।

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित

# परंपरा के साथ आधुनिक ज्ञान की दृष्टि से ही बनेगा भारत विश्व गुरुः राज्यपाल बागडे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि परंपरा के साथ आधुनिक ज्ञान की दृष्टि से ही भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में कुलपति को कुलगुरु कहना प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति की पुनस्थापना की दिशा में एक कदम है। प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति परिपूर्ण थी। उन्होंने नई शिक्षा पद्धति को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के विकास से जुड़ी है। राज्यपाल बागडे शनिवार को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। इसमें वर्ष 2023 एवं 2024 के स्वर्ण पदकों का वितरण किया गया। साथ ही विद्या वाचस्पति उपाधि धारकों को भी उपाधियां वितरित हुई।




राज्यपाल ने कहा कि भारत की समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि महर्षि भारद्वाज के द्वारा वर्णित विमान विज्ञान के आधार पर 1895 में शिवकर बापूजी तलपे ने हमारे यहां विमान उड़ाया था। उन्होंने चिरंजिलाल वर्मा से संस्कृत ग्रंथों की शिक्षा ग्रहण की थी। इसके बाद ही 1903 में राइट बंधुओं ने विमान बनाया। इसी प्रकार गुरुत्वाकर्षण के बारे में न्यूटन से बहुत ही पहले कॉपरनिकस और उससे भी पहले भास्कराचार्य ने गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत दिया था। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे ने आजादी के तत्काल पश्चात् शिक्षा पद्धति में बदलाव की आवश्यकता बताई थी। लॉर्ड मैकाले ने भारत को गुलाम बनाने के लिए जो शिक्षा पद्धति चलाई वह अभी तक चल रही है। नई शिक्षा पद्धति भारत के समाज, नागरिक और संस्कृति के अनुसार है। नई शिक्षा नीति से निकले हुए विद्यार्थियों के माध्यम से समाज को आगामी कुछ समय में ही परिणाम मिलने लगेंगे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में इस प्रकार के पाठ्यक्रम तैयार होने चाहिए जिससे समाज में रोजगार का सृजन हो सके। ज्ञान की विभिन्न शाखाओं का अध्ययन कर युवा उद्यमी बनने चाहिए। इससे देश के विकास में उनका योगदान सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य का निर्माण करने वाली हो। महर्षि दयानंद सरस्वती मानव मूल्यों के साक्षात उदाहरण रहे है। उन्होंने कहा कि देश के 400 कुलगुरुओं तथा 1000 से अधिक शिक्षाविदों ने दो वर्षों तक गहन चर्चा के उपरांत नई नीति को बनाया है। यह शिक्षा पद्धति विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि करने में कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि अर्जित विद्या का व्यवहारिक उपयोग समाज हित में और राष्ट्रहित में किया जाना चाहिए। शिक्षा एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है। इसीलिए प्राध्यापकों और अध्यापकों को नई पुस्तकें पढ़ने के साथ ही नई विद्या भी प्राप्त करनी चाहिए। विद्यार्थी को भी पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य पुस्तकें को भी पढ़ने में अपना समय देना चाहिए। इससे उनकी बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि दीक्षांत समारोह माता-पिता, परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति दायित्वों के स्मरण का दिन होता है। शिक्षा जीवन पर्यंत चलने वाली एक प्रक्रिया है। आज के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और डिजिटल युग में हमें विश्व के साथ-साथ चलना होगा। बढ़ती तकनीक में आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने समाज को बहुत प्रभावित किया है। सोशल मीडिया और सार्वजनिक जीवन पर इसके दुष्परिणाम देखे जा सकते हैं। नई पीढ़ी को इन दुष्प्रभावों से बचाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति ने चार आश्रमों और चार पुरुषार्थों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था दी है। नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला के शिक्षा केंद्रों, मैत्रेई, गार्गी, अपाला, घोषा, विश्ववारा जैसी विदुषियों और वराह मिहिर, आर्यभट्ट, चरक, सुश्रुत, आश्वघोष, चाणक्य एवं समर्थ गुरु रामदास जैसे शिक्षकों के कारण भारत विश्व गुरु रहा है। विद्यार्थियों को छत्रपति संभाजी महाराज और महाराणा सांगा जैसे पूर्वजों के पद चिह्नों का अनुकरण करना चाहिए।

» राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

## मुख्यमंत्री शर्मा की प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस पर शुभकामनाएं

**जयपुर।** राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में 30 मार्च (रविवार) को राजस्थान दिवस पर जयपुर में सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में इस आयोजन में लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 12 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का प्रत्युत्तर देते हुए हर वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर भारतीय रीति-नीति से राजस्थान दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। जिसके तहत 25 से 31 मार्च तक राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक**
**वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर, जिला-बालोतरा**

क्रमांकः-प( )/निविदा/WCDC-BLT/799 दिनांकः-26/03/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग जिला बालोतरा में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एन.आर.एम.) मद के अन्तर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्यों के कुल नं. 01 पैकेज जल संग्रहण संरचना निर्माण कार्य एवं दोष निवारण, के लिए उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** पर भी देखी जा सकती हैं। निविदा दिनांक 27.03.2025 प्रात 09:00 बजे से 06.04.2025 को सांय 6:00 बजे तक वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है।

| Nib No. | Block | Tender No. | Cost (In Lacs) | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | पाटोदी | 04/2024-25 | 44.26 | WSC2425A0703 | WSC2425WSOB01447 |

(घनश्याम सिंह राठौड़)
अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर,
जिला-बालोतरा

DIPR/C/4495/2025

**GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE PALI (RAJ)**
**राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय पाली ( राज. )**

क्रमांकः एफ./मेडिकल कॉलेज/पाली/लेखाशाखा/निविदा/2024-25/ दिनांकः-

**निविदा आमंत्रण सूचना 04/2024-25**

कार्यालय राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, पाली में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एम.डी.आर.यू. शाखा में Camicals and Kits दर संविदा पर आपूर्ति किए जाने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार वाणिज्य कर/जीएसटी विभाग में पंजिकृत एवं रजिस्टर्ड अनुभवी फर्मो से जो कि किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा की तिथि, समय व निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यो की राशि राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, पाली में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

| NIB No. | UBN No. | Estt Cost | EMD (2%) | Bid Cost (Rs.) | EPROC Fee (Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| MES 2425 A0143 | MES2425 GLRC 00147 | 3500000.00 | 70000.00 | 1000.00 | 500.00 | 12 Months |

**The Schedule of dates in as follows:-**

| S.No. | Schedule | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Publishing Date | 26-03-2025 | 05.00 PM |
| 2. | Document Download Start date | 26-03-2025 | 06.00 PM |
| 3. | Pre Bid Meeting | 27-03-2025 | 12.30 PM |
| 4. | Bid Submission Start Date | 28-03-2025 | 06.00 PM |
| 5. | Document Download End Date | 07-04-2025 | 01.00 PM |
| 6. | Bid Submission End Date | 07-04-2025 | 04.00 PM |
| 7. | Technical Bid Opening Date | 08-04-2025 | 12.30 PM |
| 8. | Financial Bid Opening Bid | Will be intimated later to the Technically Qualified bidder. | |

Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal- http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state, website.

DIPR/C/4447/2025 प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय पाली।

## कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने जिला चिकित्सालय दौसा में आईसीयू विस्तार का उद्घाटन किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने शनिवार को जिला चिकित्सालय दौसा में 9 बैड आईसीयू विस्तार का उद्घाटन किया। जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके मीना ने बताया कि पूर्व में 7 बैड का आईसीयू संचालित है।

आईसीयू बैड खाली नहीं होने के कारण मरीजों को उच्च संस्थान रैफर किया जाता था। अब आईसीयू विस्तार से यहां आने वाले गंभीर रोगियों का इलाज संस्थान में ही किया जा सकेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश मीना एवं बनेसिंह गुर्जर उपस्थित रहे।

## श्री खोले के हनुमान मंदिर में घटस्थापना आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री खोले के हनुमान मंदिर में 30 मार्च को दोपहर 12 बजे चैत्र नवरात्रा घट स्थापना के साथ 9 दिवसीय धार्मिक उत्सव प्रारंभ होंगे। श्री न र व र आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि नव संवत्सर 30 मार्च को प्रातः कलश यात्रा के बाद दोपहर 12 बजे घट स्थापना की जायेगी। घट स्थापना के बाद वाल्मीकि रामायण के पाठ प्रारंभ तथा 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक 201 आसान से 9 दिवसीय राम चरित्र मानस के पाठ प्रारंभ होंगे। खोले के हनुमान मंदिर पहाड़ी पर स्थित वैष्णो माता की घटस्थापना व दुर्गा सप्तमी के पाठ नियमित नौ दिन तक किए जाएंगे। माँ वैष्णो को पंचामृत स्नान कराकर नई पोशाक धारण कराई जाएगी। साथ ही गायत्री माता मंदिर में गायत्री कवच व अन्नपूर्णा माता मंदिर में दुर्गा पाठ व अन्नपूर्णा स्त्रोत किए जाएंगे। चैत्र नवरात्र स्थापन व नव संवत्सर 2082 के आगमन पर हनुमान जी व राम दरबार में विशेष झांकी और मंदिर परिसर को रोशनी से सजाया जायेगा।

## गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का राजस्थान भवन में भव्य स्वागत




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत का हेमंत कांत विनय, शशि कांत शर्मा, सजना भामू और ममता राठौड़ ने मुंबई के राजस्थान भवन में स्वागत किया। यह स्वागत आचार्य देवव्रत के नेतृत्व और गुजरात राज्य के लिए उनके योगदान के प्रति सम्मान और प्रशंसा को दर्शाता है। आचार्य देवव्रत, एक प्रसिद्ध आर्य समाज प्रचारक और शिक्षाविद्, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्यरत रहे हैं और वर्तमान में गुजरात के 20वें राज्यपाल हैं। उनकी सार्वजनिक सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण ने उन्हें मान्यता और प्रशंसा दिलाई है। राजस्थान भवन में आयोजित स्वागत समारोह गुजरात और राजस्थान राज्यों के बीच मित्रता और सहयोग के मजबूत बंधन का प्रतीक था। इस आयोजन से अंतर-राज्य संबंधों के महत्व और आचार्य देवव्रत जैसे प्रतिष्ठित नेताओं की एकता और प्रगति को बढ़ावा मिला।

## राजस्व मंडलः पदोन्नति से बड़ी संख्या में बने तहसीलदार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग में 27 मार्च को सम्पन्न विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के तहत नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी स्तर के कार्मिकों को तहसीलदार के पद पर पदोन्नत किया गया है। राजस्व मंडल प्रशासन की ओर से जारी आदेशानुसार यह पदोन्नतियां वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024 -25 के तहत विविध वर्षों में रिव्यु एवं रेग्युलर डीपीसी के तहत की गई है। इन विविध वर्षों के तहत हुई डीपीसी में 940 कार्मिक गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं 37 कार्मिक अनुसूचित क्षेत्र से शामिल हैं।

आदेशानुसार नायब तहसीलदार से तहसीलदार के पर पर वर्ष 2016-17 के तहत 177, वर्ष 2017-18 के तहत 172 , वर्ष 2018-19 के तहत 32, वर्ष 2019- 20 के तहत 70, वर्ष 2020-21 के तहत 20, वर्ष 2021-22 के तहत 98, वर्ष 2023-24 के तहत 259 कार्मिकों को रिव्यु डीपीसी के तहत पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार नियमित डीपीसी वर्ष 2024-25 के तहत 122 नायब तहसीलदारों जबकि 20 अति. प्रशासनिक अधिकारियों को तहसीलदार के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार 7 अति. प्रशासनिक अधिकारियों को वर्ष 2023 -24 के तहत पदोन्नति दी गई है।

इन पदोन्नतियों से राजस्थान में तहसीलदार के रिक्त पदों को भरे जाने से राजस्व विभाग के दायित्वों को और गति मिलेगी और जनसाधारण के कार्य और तीव्र गति से हो सकेंगे। इन सभी पदोन्नत तहसीलदारों को उनके वर्तमान कार्यालय अध्यक्ष के समक्ष उपस्थिति देने के निर्देश प्रदान किए गए हैं । राजस्व मंडल प्रशासन स्तर से इनके पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किए जाएंगे।

## नव संवत्सर और नवरात्र पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार से आरम्भ हो रहे संवत्सर 2082 और चैत्र नवरात्रि पर सभी के मंगल की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नव संवत्सर में नए संकल्प के साथ राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर पर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा सभी लोगों का कल्याण करें। उन्होंने मां के नौ रूपों को नमन करते हुए सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है।

**जागरूक टाइम्स**
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

## आओ करें कीर्तिगान
# गौरवशाली राजस्थान

» विशेष आलेख

**जयपुर।** आज राजस्थान दिवस है। प्रदेश की स्थापना की सुनहरी वर्षगांठ का उमंग और उल्लास से भरा पावन अवसर। शौर्य-पराक्रम भरे इतिहास, वीरगाथाओं, मातृभूमि के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले रणबांकुरों की भूमि राजस्थान।

हमें गर्व है कि हम उस प्रदेश के वासी हैं जिसका क्षेत्रफल हमारी उदारता की तरह सबसे अधिक है, हमारी संस्कृति और गर्वीली परंपराएं बेमिसाल हैं। पिछले कई दशकों में हमने अकालों और सुकालों, अभावों और समस्याओं, अनुकूल और प्रतिकूल परिस्थितियों के दौर से गुजरते हुए विकास का आज वह मुकाम पा लिया है जिसकी तारीफ दूसरे प्रदेश भी उदारतापूर्वक करते हैं।

बहुआयामी तरक्की के इस मंजर ने देश और दुनिया वालों का ध्यान खिंचा है हमारे राजस्थान की ओर। विकास की बरसों से जारी श्रृंखलाओं ने हमें यहां तक पहुंचाया है। विकास दर विकास को दर्शाने के लिए हम पिछले सालों से हर बार ढेरों आयोजनों और उत्सवों का सहारा लेते रहे हैं। आज का दिन राजस्थान के समग्र महिमा मण्डन को समर्पित है।

आज वह मौका है जब हमें राजस्थान की स्थापना से लेकर अब तक के इतिहास, राजस्थान प्रदेश की लोक संस्कृति, विरासतों, थातियों, महापुरुषों, परंपराओं, पर्वों, उत्सवों और मेलों, पर्वतों, नदियों, तालाबों, बावड़ियों, लोक जीवन, जन संगीत और राजस्थान से जुड़ी उस हर चीज और विचार के बारे में सोचना है। अब तक के सफर को आज के जन-जन के समक्ष परोसना है ताकि राजस्थान के सर्वांग परिदृश्य से लेकर अब तक की विकास यात्रा से मौजूदा पीढ़ी तो रूबरू हो ही सके, पहले से चले आ रहे लोगों का सीना भी गर्व से फूल सके।

आज का दिन हमें राजस्थान के नवनिर्माण के सभी प्रकार के अनथक और बहुआयामी प्रयासों और राजस्थान की गौरवशाली परंपराओं को याद दिलाता है वहीं यह दिन हमें उन सभी लोगों का भी पावन स्मरण कराता है जिन लोगों ने राजस्थान के निर्माण में अपनी आहुतियां दी हैं। वे चाहे किसी भी क्षेत्र, पक्ष या विचारों के रहे हों मगर उनकी भी किसी न किसी रूप में भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। राजस्थान दिवस का यह दिन उस हर शख्स और घटना को याद करने का है जिसने राजस्थान को बनाने और सँवारने में अपना किंचित मात्र भी योगदान दिया है।


राजस्थान प्रदेश रंगरंगीला और बहुमुखी लोक सांस्कृतिक परंपराओं से भरा-पूरा वह प्रदेश है जिसका हर दिन तीज-त्योहार और पर्व से लेकर किसी न किसी प्रकार के सामाजिक अनुष्ठानों से भरा रहा है। यहाँ की अनमोल विरासतें हर दिन ताजगी का अहसास कराती हैं। राजस्थान की गौरवगाथा का बखान करने के साथ ही राजस्थान के हर पक्ष को सोचने-समझने और आधुनिक जमाने की रफ्तार को देख कर इसका और अधिक नव-नव निर्माण करने में समर्पित भागीदारी अदा करने के संकल्पों का स्मरण कराता है यह दिन। राजस्थान का हर कोना किसी न किसी विलक्षणता से परिपूर्ण है। प्रदेश के उत्थान के साथ ही पुरातन वैभव का दिग्दर्शन कराने और आज की पीढ़ी को परिवेशीय विशेषताओं तथा महत्त्व से परिचित कराने के लिए बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है।

आज का दिन इस बात को भी इंगित करता है कि राजस्थान के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक जानकारी पहुंचे। देश-दुनिया के लोगों को राजस्थान की ख़ासियतों से अवगत कराया जाए ताकि दुनिया भर से लोगों का राजस्थान के लिए आवागमन का दौर और अधिक तेज हो सके। आज राजस्थान ने पिछले वर्षों की कठिन तपस्या और अनथक प्रयासों से वह सब कुछ पा लिया है जो विकास के लिए जरूरी होता है और विकसित प्रदेश से विकसित भारत की संकल्पनाओं को साकार करता है। ऐसे में हम सभी का कर्त्तव्य है कि राजस्थान की सम्पूर्ण झलक का दिग्दर्शन कर गौरव का अहसास करें और दुनिया को राजस्थान महिमा से परिचित कराएं।

इसके साथ ही हमें यह भी प्रण लेना होगा कि हमारे अपने पदों और कदों तथा स्वार्थों से ऊपर है हमारा प्यारा राजस्थान। इसलिए क्षेत्र, भाषा और खुदगर्जी भरी संकीर्ण मानसिकताओं से ऊपर उठकर मातृभूमि की सेवा और कीर्तिगान के लिए अपने आपको समर्पित करें, इसी में हमारा और प्रदेश का भला है।

**राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां.....।**

***जय-जय-जय राजस्थान,***
***प्यारा-न्यारा राजस्थान...***



जैसे-जैसे मौसम बदलता है त्वचा की देखभाल का तरीका भी बदलता है। सर्दियों में जहां त्वचा रूखी हो जाती है, वहीं गर्मियों में धूप से मुरझा जाती है। लेकिन मौसम बदलने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो त्वचा संबंधी कई समस्याओं से बचा जा सकता है। यहां त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अक्षय बत्रा बता रहे हैं कि गर्मियों का सामना करने के लिए आप अपनी त्वचा को कैसे तैयार करें।

# गर्मियों के लिए तैयार करें त्वचा

## 20-30 वर्ष

### बनी रहे कोमल त्वचा

इस उम्र की स्त्रियां ज्यादातर समय बाहर बिताती हैं। कॉलेज या निजी काम के लिए लंबी दूरी तय करती हैं। व्यस्त दिनचर्या के चलते वे एक अहम तथ्य को नजरअंदाज करती हैं और वह है नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना। गर्मियों में पसीने के रूप में शरीर से काफी मात्रा में पानी बाहर निकल जाता है। ऐसे में यदि लंबे समय के लिए घर से बाहर रहना या नियमित व्यायाम करना है तो शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी का होना बहुत जरूरी है। इससे त्वचा कोमलता भी बरक़रार रहती है।

### धूप से सुरक्षा

दोपहर की धूप सबसे नुकसानदेह होती है। संभव हो तो सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। इस समय सूर्य की किरणें सबसे तेज होती हैं और त्वचा पर बुरा असर डालती हैं। इसलिए बाहर निकलने से 30 मिनट पहले चेहरे व त्वचा के खुले हिस्सों पर सनस्‍ ीन लगाना न भूलें।

### तली चीजों से परहेज

यही वह उम्र है जब फास्टफूड बहुत भाते हैं। अधिक वसायुक्त या तली चीजें खाने से सुस्ती आती है, यह पाचन प्र िया को सुस्त बना देते हैं। पाचन ि या बिगड़ने का सीधा असर त्वचा पर पड़ता है। जहां तक हो सके बाहर के खाने से बचें। बहुत जरूरी हो तो फल या ताजे फलों का जूस पी सकती हैं।

### कम चाय व कॉफी

डाइयुरेटिक होने के कारण अधिक चाय एवं कॉफी पीने से यूरिन की समस्या हो सकती है। साथ ही यह त्वचा में मौजूद जरूरी पानी भी कम करते हैं, जिस कारण त्वचा रूखी हो सकती है। ग्रीन टी इसका अच्छा ऑप्शन है। ये न सिर्फ अतिरिक्त वसा कम करेगी, बल्कि त्वचा पर चमक भी लाएगी।

### एयरेटेड पेय से रहें दूर

इनमें शक्कर की मात्रा अधिक होती है, जो न त्वचा और न ही सेहत के लिए अच्छा है। प्यास बुझाने के लिए फ्रेश लाइम, ताजे फलों का जूस या नारियल पानी पीना समझदारी होगी।

### क्लींजिंग है जरूरी

सोने से पहले माइल्ड फेसवॉश से चेहरा साफ करने के बाद एसपीएफ युक्त मॉयस्चराइजर लगाएं। चेहरा साफ करने के लिए गुलाबजल का इस्तेमाल करें। इससे ताजगी मिलेगी। खीरे का रस या नारियल पानी भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### जलयुक्त मॉयस्चराइजर

मॉयस्चराइजिंग रुटीन का सख्ती से पालन करें। यदि नियमित मॉयस्चराइजर अधिक तैलीय है तो वॉटर बेस्ड मॉयस्चराइजर का इस्तेमाल करें। ताकि त्वचा की कुदरती नमी बरकरार रहे।



### फेसपैक लगाएं

रंगत निखारने के लिए घरेलू फेसपैक का प्रयोग करें। पपीता प्राकृतिक गुणों से भरपूर होता है और इसका इस्तेमाल घर पर फेसपैक बनाने के लिए भी कर सकती हैं। दो चम्मच पके हुए पपीते को अच्छी तरह मसलें। इसमें एक चम्मच शहद और एक अंडे की सफेदी मिलाएं। इस मिश्रण को 15 मिनट तक चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। साफ पानी से धो लें।

### त्वचा को दें ठंडक

आधा खीरा और एक चम्मच दही को एक साथ पीस कर पैक बना सकती हैं। इसे 15 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। फिर ठंडे पानी से धो लें। यह त्वचा को ठंडक प्रदान करेगा और जलन कम करेगा।



होंठों की मृत त्वचा को हटाने के लिए हफ्ते में एक बार कॉटन बॉल को गुनगुने पानी में भिगोकर होंठों पर कुछ देर रखें, जिससे होंठों की पपड़ी मुलायम हो जाए। उसके बाद किसी मुलायम और सूखे टूथब्रश को हलके हाथों से होंठों पर रगड़ें ताकि मृत त्वचा आसानी से निकल जाए।

# होंठों को चाहिए सही देखभाल

होंठों की त्वचा चेहरे के अन्य हिस्सों की अपेक्षा काफी संवेदनशील होती है इसलिए फेशियल स्क्रब करना कभी-कभी समस्याजनक हो जाता है। होंठों की मृत त्वचा को हटाने के लिए हफ़्ते में एक बार कॉटन बॉल को गुनगुने पानी में भिगोकर होंठों पर कुछ देर रखें, जिससे होंठों की पपड़ी मुलायम हो जाए। उसके बाद किसी मुलायम और सूखे टूथब्रश को हलके हाथों से होंठों पर रगड़ें ताकि मृत त्वचा आसानी से निकल जाए।

इसके अलावा रात में सोने से पहले होंठों पर पेट्रोलियम जेली लगाकर कुछ देर हलका मसाज करें। फिर उसे ऐसे ही छोड़ दें। दूसरे दिन सुबह चेहरा ठंडे पानी से साफ करके गुलाब की तीन-चार ताजा पंखुड़ियों को हथेलियों पर रगड़कर उसके रस को होंठों पर लगाएं। सूखने पर साफ़ पानी से धो लें।

### आवश्यक है अतिरिक्त देखभाल

सर्दियों में होंठों को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। सौंदर्य विशेषज्ञा मीनाक्षी दत्ता बताती हैं कि शुष्क और सर्द हवाओं के कारण रूखेपन का सामना सिर्फ आपके होंठों को ही नहीं करना पड़ता, बल्कि रैंप पर कैटवॉक करती खूबसूरत मॉडल्स भी इस समस्या का सामना करती हैं। इसीलिए मेकअप आर्टिस्ट मॉडल्स के रूखे होंठों का उपचार कुछ इस तरह करते हैं - एक टूथब्रश पर थोड़ा-सा लिप क्रीम लगाकर होंठों पर हलके हाथों से मलते हैं। उसके बाद होंठों पर एलिजाबेथ अर्डन की ऐट ऑवर क्रीम लगाकर जज़्ब होने के लिए 15 मिनट के लिए छोड़ देते हैं। उसके बाद मेकअप करते हैं।

### नमी बनाए रखें

लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर खूब सारा लिप बाम लगाएं, फिर अतिरिक्त बाम को पोंछकर या सुखाकर लिपस्टिक लगाएं। फ्लेवर्ड लिप बाम से बचें। जो बाम आपको सूट करता हो या आप जिसे ज्यादातर इस्तेमाल करती हों, उसका ही प्रयोग करें। फटे होंठों के लिए कोई एंटी बैक्टीरियल ऑइंटमेंट इस्तेमाल करें, ताकि संक्रमण न होने पाए। इसके अलावा पके पपीते को मैश करके एक चम्मच रस निकालकर होंठों पर रुई की सहायता से लगाएं। 10-15 मिनट बाद होंठों को साफ़ पानी से धोकर लिप बाम लगा लें। पपीते में एक्सफ़ोलिएट तत्व होते हैं, जो होंठों की मृत त्वचा को हटाकर उन्हें नर्म, मुलायम और चिकना बनाते हैं।

### नर्म होंठों के लिए

फटे होंठों को छिपाने के लिए लिपस्टिक का सहारा न लें, बल्कि उनका उपचार करें। इसके लिए शहद, नीबू का रस, ऑलिव ऑयल और ग्लिसरीन को बराबर-बराबर मात्रा में मिलाकर फटे होंठों पर लगाएं। या फिर एक स्ट्रॉबेरी को मैश करके उसमें एक चम्मच मिल्क क्रीम और शहद मिलाकर होंठों पर 10-15 मिनट तक लगाएं। धोकर सुखा लें और लिप बाम लगाएं।

### लिपस्टिक का चयन

अपने मनपसंद शेड वाली लिपस्टिक अपने निचले होंठों के आरपार लगाएं फिर अपने होंठों को एक-दूसरे पर दबाएं ताकि अतिरिक्त लिपस्टिक ऊपर वाले होंठों पर लग जाए। फिर अपनी अंगुली की सहायता से लिपस्टिक को होंठों पर सावधानीपूर्वक फैलाएं। अगर आप होंठों पर ग्लॉस लगाना पसंद करती हैं तो इस प्रकार लगाएं कि आपको आईने की जरूरत न हो। इसके लिए ऊपर व नीचे के होंठों पर बीचोबीच ग्लॉस लगाएं फिर दोनों होंठों को एक-दूसरे पर रखकर इस प्रकार बाहर की ओर फैलाएं, जैसे आप किसी दीवार या आसमान को चूम रही हैं।

मौसम ने करवट ले ली है। गर्मियां दस्तक दे चुकी हैं। इस मौसम का स्वागत करने के लिए क्या आपके बाल तैयार हैं? अगर आपने बालों को कलर कराया है तो गर्मी का मुकाबला करने के लिए उनकी खास देखभाल की जरूरत होगी। यहां हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब बता रहे हैं केमिकल ट्रीटेड और कलर्ड बालों की देखभाल के लिए कुछ खास उपाय।

# कलर्ड हेयर रहें हेल्दी



1. बालों को कलर कराने से पहले यह ध्यान देना जरूरी है कि आपके बाल किस हाल में हैं। यानी उनकी कंडिशन कैसी है। कहीं बाल दोमुंहे या अत्यधिक रूखे तो नहीं हैं। ऐसी स्थिति में कलर कराने से बचना चाहिए।
बालों में किसी भी प्रकार का ट्रीटमेंट (केमिकल ट्रीटमेंट) कराने के लिए उन्हें स्वस्थ होना जरूरी है।
सप्ताह में एक बार डीप कंडिशनिंग ट्रीटमेंट लेने से बालों को पोषण मिलेगा।
2. एंटी डैंड्रफ या क्लेरिफाई हेयर शैंपू का इस्तेमाल भूल कर भी न करें। कलर्ड हेयर के लिए ख़ास तौर पर बना शैंपू ही इस्तेमाल करें। बेहतर होगा कि आप कलर बूस्टिंग एंड क्लेयर फॉर्म्युला प्रयोग करें।
3. कलर ट्रीटेड हेयर के लिए वॉल्यूमाइजिंग शैंपू कभी न प्रयोग करें। यह क्यूटिकल्स से कुदरती तेल निकाल देगा।
4. कलर किए हुए बालों को धूप के सीधे संपर्क में आने न दें। धूप में अधिक देर तक रहना हो तो हैट, स्कार्फ या बेसबॉल कैप लगाएं। आप एसपीएफ युक्त हेयर स्प्रे भी कर सकती हैं।
5. गर्मियों में जहां तक हो सके ब्लो ड्राई और हीट ट्रीटमेंट/ स्टाइलाइजिंग से बचें। स्ट्रेटनिंग या आयरनिंग वगैरह के बजाय बालों को नैचरल स्टाइल में रहने दें। आकर्षक चोटी, पोनीटेल या मेसी बन बना सकती हैं।
6. सप्ताह में एक बार बालों में मेथी दाना पैक लगाएं। इससे उनका पीएच बैलेंस बना रहेगा और वे हेल्दी भी रहेंगे।

# सेहत के लिए आजमाएं सात सुपर फूड

**विटामिन**-सी, कैल्शियम और फाइबर से भरपूर संतरा आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है सुपर फूड उन खाद्य पदार्थों को कहा जाता है, जिनमें पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये चीजें प्राकृतिक होती हैं जिनसे शरीर पर किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। जानते हैं इनके बारे में-

**बादाम** :डाइटीशियन डॉ. अनामिका सेठी के मुताबिक इसमें मैगनीशियम, पोटेशियम और विटामिन ई भरपूर मात्रा मे होता है। इनमें कम कैलोरी होने की वजह से यह दिल की सेहत के लिए अच्छे होते हैं। रोजाना 3-5 बादाम खा सकते हैं। बादाम शेक बनाने के लिए 5-7 बादाम को पीसकर एक कप दूध में मिला लें और स्वादानुसार चीनी प्रयोग करें।

**पालकः** नियासिन, जिंक और फाइबर से भरपूर पालक में कैलोरी काफी कम और पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं। पालक बढ़ती उम्र में हड्डियों की क्षति, मोतियाबिंद, कैंसर और दिल संबंधी रोगों से बचाता है। रोजाना एक कटोरी पालक की सब्जी खा सकते हैं।

**शहदः** इसमें मौजूद नियासिन, अमीनो एसिड, थायमीन और विटामिन बी-6 कोशिकाओं की क्षति को रोकता है। इसमें एक विशेष प्रकार का कार्बोहाइड्रेट होता है जो कि पेट में अच्छे बैक्टीरिया की वृद्धि करता है।

**रसबैरी** : इसमें पाई जाने वाली एलेजिक एसिड कैंसर से लड़ने में सक्षम है। इसमे मौजूद मैंगनीज और अन्य एंटीऑक्सीडेंट रोगो के प्रति मजबूती प्रदान करते हैं। रोजाना 100 ग्राम खा सकते हैं।

**संतराः** एक संतरे से आप दिनभर के लिए जरूरी विटामिन-सी ले सकते हैं। विटामिन-सी, कैल्शियम और फाबइर से भरपूर संतरा आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है।

**केलाः** पोटेशियम की खूबी के साथ केला आपका ब्लड प्रेशर सामान्य बनाए रखता है। इसमे मौजूद स्टार्च आपके मेटाबॉलिज्म को दुरूस्त बनाए रखने का काम करता है। एक से दो केले रोजाना खा सकते हैं।

**स्ट्रॉबेरीः** इसमें पाया जाने वाला फोलेट दिल को दुरूस्त रखता है। रोजाना चार से पांच पीस स्ट्रॉबेरी खा सकते हैं।

**ध्यान रहेः** एक सामान्य व्यक्ति को हर छह माह में बॉडी कॉम्पोजिशन टेस्ट कराना चाहिए ताकि शरीर में पोषक तत्वों की कमी का पता चल जाए।

## वर्तमान व पूर्व सरपंच दोनों के निधन होने पर शोक सभा का आयोजन

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं जिले के मलसीसर कस्बे के वर्तमान सरपंच भामाशाह समाज सेवी ताराचंद जांगिड़ का गत माह 19 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था उसके एक माह बाद ही उनकी पत्नी व पूर्व सरपंच चंदा देवी जांगिड़ का भी सदमे से 19 मार्च को निधन हो गया है जिसके लेकर पुरे मलसीसर कस्बे मे और जिले के जांगिड़ समाज मे शोक की लहर दौड़ गई है द्व गुरूवार को राजस्थान जांगिड़ समाज सेवा समिति की बैठक, समिति के बसंत विहार स्थित कार्यलय में शोक सभा का आयोजन किया गया द्व शोक सभा मे उपस्थित गणमान्य लोगो ने अपने अपने विचार व्यक्त कर दुख व्यक्त करते हुए वर्तमान सरपंच ताराचंद जांगिड़ और पूर्व सरपंच चंदा देवी जांगिड़ द्वारा किये गए जनकल्याण के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

**साथ ही इन दोनों को मरणोपरांत विश्वकर्मा रत्न देने पर भी विचार विमर्श किया गया:** शोक सभा मे मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष और राष्ट्रीय मंगलम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश चन्द्र जांगिड़, मुरारी लाल जांगिड़, रामप्रसाद जांगिड़, कजोड़ मल जांगिड़, रवि जांगिड़ , रतन लाल जांगिड़, सुन्दर लाल जांगिड़, बिहारी लाल जांगिड़ , केशर देव जांगिड़ , प्रभाती लाल जांगिड़ , मनीराम जांगिड़ , संतोष जांगिड़ , केवलराम जांगिड़ , सुधीर जांगिड़ , बनवारी लाल जांगिड़ ,नेमीचंद जांगिड़ , रामनिवास जांगिड़ , सहित समिति के अनेक कार्यकर्त्ताओ ने अपने विचार व्यक्त किये और श्रद्धा सुमन अर्पित कियेद्व

### शेखावत ने दी रोजा इफ्तार की दावत

**खिरोड़।** कस्बे की मीना मस्जिद में शुक्रवार को समाजसेवी धर्मवीर सिंह शेखावत व पूर्व सरपंच स्नेह कंवर की ओर से रोजेदारों को रोजा इफ्तार की दावत दी गई। इस मौके पर सभी लोगों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी। रोजा इफ्तार दावत में हभीब खान, जीएसएस अध्यक्ष रामनिवास काजला, सुलतान चौहान, मोहम्मद समीर, मोहम्मद अमिर, सैफ अली खान, आयान खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

### चिराना में गणगौर की शाही सवारी 31 को

**खिरोड़।** चिराना में राजपूत समाज चिराना की ओर से 31 मार्च सोमवार को गणगौर एवं ईशर की शाही सवारी शाम 3.30 बजे पुराने रावलों के पास श्रीचारभुजा मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी। राजपूत समाज चिराना के अध्यक्ष एमएससिंह ने बताया कि पांच बजे गणगौरी कुआं के पास सर्व समाज की महिलाओं एवं नव विवाहिताओं द्वारा ईश्वर गणगौर की पूजा अर्चना की जाएगी।। उसके बाद पंचपानो में क्षत्राणीयो द्वारा पूजनार्थ रवानगी होगी।

### जिला रद्द होने के बाद भी सरकारी कार्यालयों पर लिख रहा है जिला नीम का थाना

**गुढ़ागौड़जी।** उदयपुरवाटी उपखंड के क्षेत्रों में सरकारी कार्यालयों पर जिला नीमकाथाना रद्द होने के बाद भी लिख रखा है। जब नीमकाथाना जिला बनाया गया था तब सभी सरकारी कार्यालयों पर झुंझुनूं जिले की जगह नीमकाथाना जिला लिखवा दिया गया था। लेकिन बाद में इसे रद्द कर दिए जाने के बाद भी अभी इन कार्यालयों पर पीएचसी चंवरा, उप स्वास्थ्य केंद्र ककराना, आयुर्वेदिक औषधालय चंवरा, ककराना इसी के साथ ग्राम पंचायत ककराना भारत निर्माण राज्य गांधी सेवा केंद्र पर भी नीमकाथाना जिला लिखा हुआ है।

### बास बुडाना स्कूल में राजस्थान दिवस पर कार्यक्रम

**झुंझुनूं।** बास बुडाना के चौधरी राधेश्याम जोधाराम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में राजस्थान दिवस



के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न वेशभूषाओं के साथ सजे-धजे बच्चों ने राजस्थानी गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संस्था प्रधान सविता महला ने राजस्थान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे संस्कार ही हमारी संस्कृति हैं। उन्होंनें बताया कि राजस्थानी लोकगीतों के बिना हमारी संस्कृति अधूरी है इसलिए इनको भूलना नहीं चाहिए। इस दौरान अध्यापिका संतोष देवी, प्रेमलता सैनी, बीएड प्रशिक्षु कल्पना, किरण, पूनम और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मदरसा मुफीदुल इस्लाम में मनाया राजस्थान दिवस

### मदरसा के विद्यार्थियों ने राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**झुंझुनूं।** शनिवार को राजस्थान दिवस विशेष रूप से मनाया गया। राजस्थान मदरसा बोर्ड जयपुर के निर्देश पर व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझड़िया के आदेशानुसार शहर के मदरसा मुफीदुल इस्लाम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। छात्राओं ने राजस्थानी लोकगीत और नृत्य प्रस्तुत किए। कविताएं व कहानियों का पाठ किया।

विधार्थियों ने राजस्थान के गौरवशाली इतिहास को याद किया। महाराणा प्रताप, रानी पद्मिनी जैसे वीर योद्धाओं की कहानियां प्रस्तुत की। छात्राओं ने राजस्थानी पारंपारिक वेशभूषा पहनी। लडकियां घाघरा-ओढनी, पचरंगी और बंधेज में सजी थी। लड़कों ने धोती-कुर्ता और साफा पहना। इस अवसर पर मदरसा के शिक्षा अनुदेशक वसीम कुरैशी, फारूक सोलंकी ने राजस्थान के इतिहास, कला-संस्कृति, पुरातत्व धरोहर, लोक परंपरा व लोकदेवता, भोगोलिक विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अब्दुल हमीद खान, फारुक सोलंकी, अकीला बानो, समीरा बानो व रुकसार बानो सहित मदरसा के स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# झुंझुनूं प्रगति संस्थान ने विधायक भांबू का जताया आभार, अन्य विषयों पर हुई चर्चा

## संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी व उपाध्यक्ष प्रदीप पाटोदिया ने की मुलाकात



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के चहुंमुखी विकास और झुंझुनूं शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए लगातार प्रयत्नशील झुंझुनूं प्रगति संस्थान ने विधायक राजेंद्र भांबू का आभार जताया है।

शनिवार को संस्थान के अध्यक्ष शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी तथा उपाध्यक्ष प्रदीप पाटोदिया अग्रसेन सर्किल स्थित विधायक जनसेवा केंद्र पर विधायक भांबू से मिले। कई देर तक हुई बातचीत के दौरान संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मोदी ने झुंझुनूं शहर की ओर से भांबू का इस बात को लेकर आभार जताया कि उनके प्रयासों से पुलिस लाइन के पास प्रस्तावित ओवरब्रिज का कार्य शुरू होने की आस जगी है। वहीं इस बात को लेकर भी आभार जताया कि 13 सालों से अटके हुए नगर परिषद में निर्माणाधीन आडिटोरियम के लिए डीएमएफटी फंड से 12.24 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत करवाई है। इस मौके पर डॉ. मोदी ने विधायक से आग्रह किया कि ओवरब्रिज को लेकर जो स्वीकृति आनी है। उसे जल्द से जल्द जारी करवाकर काम शुरू करवाए। साथ ही आडिटोरियम के निर्माण में भी पहले काफी देर हो चुकी है। जिसकी भी राशि संबंधित कार्यकारी एजेंसी को भिजवाकर इसे समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाए। भांबू ने डॉ. मोदी को आश्वस्त किया है कि दोनों ही काम इसी वित्तीय वर्ष में शुरू होंगे। जिनकी गुणवत्ता के लिए कोई समझौता नहीं होगा।

**शहर में वर्षा जल संरक्षण इकाईयां स्थापित होगी:** चर्चा के दौरान विधायक राजेंद्र भांबू ने लगातार नीचे जा रहे भूजल के स्तर को रोकने के लिए भी चर्चा की। भांबू ने कहा कि झुंझुनूं प्रगति संस्थान इस दिशा में भी कार्य करें और कम से कम शहर में 100 वर्षा जल संग्रहण इकाइयों के निर्माण को प्रथम चरण में हाथ में लें। जिस पर डॉ. मोदी ने कहा कि संस्थान ने पहले से इसे लेकर कार्य शुरू कर दिया है। पांच इकाई प्रदीप पाटोदिया द्वारा तथा पांच इकाई स्वयं डॉ. मोदी द्वारा स्थापित करवाई जाएगी। इसके अलावा भी अन्य भामाशाहों को प्रेरित कर 100 से ज्यादा ही इकाई स्थापित करवाने का लक्ष्य लिया गया है।

**इन मांगों को लेकर भी दिया लिखित पत्र:** डॉ. मोदी ने विधायक भांबू को संस्थान की तरफ से तैयार मांग पत्र भी दिया। जिसमें उन्होंने हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने, झुंझुनूं रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनवाने, गांधी पार्क में एक आकर्षक क्लॉक टॉवर स्थापित करवाने, गांधी चौक से हटाए गए रेहड़ी व चाट ठेले वालों के लिए बड़े महानगरों की तर्ज पर सुंदर, आधुनिक व अधिकृत चौपाटी बनाने, मनसा माता मंदिर की तलहटी में स्थित मेड़तनी बावड़ी का एक पिकनिक स्पॉट की तर्ज पर जीर्णोद्धार करवाने, जिले की एकमात्र मेडिकल कॉलेज के लिए पंचदेव चौराहे से मेडिकल कॉलेज तक राज्य सरकार द्वारा मंजूर फोर लेन सड़क के अधूरे पड़े स्वीकृत कार्य को शुरू करवाने की मांग की गई है।

### गोल्ड मैडलिस्ट के सम्मान में भव्य रैली का आयोजन

**बड़ागांव।** गोमती देवी पीजी कॉलेज बड़ागांव की छात्रा नैंसी मीणा ने शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा 2023 में राजनीति विज्ञान तथा गीतांजलि ने कॉमर्स एबीएसटी 2024 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मैडल से नवाजा गया। महाविद्यालय द्वारा रजत पदक, मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाद में इनके सम्मान में एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली कॉलेज प्रांगण से बड़ागांव के मुख्य मार्गों से होकर नैंसी मीणा के घर हांसलसर पहुंची। ग्रामीणों ने स्थान स्थान पर रैली के समान में पुष्प वर्षा की। महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट पूजा ने रिपब्लिक डे पर कर्तव्य पथ पर आयोजित आरडी परेड में भाग लेने पर भव्य स्वागत किया गया। ममता डिग्रवाल का जूनियर अकाउंटेंट में चयन होने पर तथा सचिन झाझड़िया के अग्निवीर में चयन होने पर इन सभी विद्यार्थियों को मैडल, प्रशस्ति पत्र, तिलक लगाकर साफा पहनाकर स्वागत किया। इन सभी प्रतिभाओं के साथ साथ इनके माता-पिता एवं संरक्षकों का भी कॉलेज परिवार और अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। ऊबली बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी जगदीशजी के मुख्य आतिथ्य एवं शिवनाथराय टीबड़ेवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रहलाद टीबड़ेवाल, दिनेश टीबड़ेवाल, हांसलसर सरपंच रामनिवास, पूर्व सरपंच उदमीराम, माखर सरपंच सतवीर, सेवानिवृत्त डीइओ इंद्राजसिंह, राजेंद्र सैनी पूर्व सरपंच बड़ागांव, मंगलचंद सेवानिवृत्त तहसीलदार, करण सिंह शेखावत सेवानिवृत बैंक मैनेजर, रविंद्र महंत, रामधन, सेवानिवृत्त आरएएस सुरेश जांगिड़, लालचंद झाझड़िया, मनोज नेहरा, बिशनसिंह शेखावत, राजवीर सिंह शेखावत सहित अन्य गणमान्यजन ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रतिभाओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

## स्कूल-कॉलेजों में राजस्थान दिवस की धूम, गोरबंद कार्यक्रम में छात्राओं ने दी प्रस्तुतियां




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान दिवस रविवार को मनाया जाएगा। लेकिन झुंझुनूं में शनिवार को भी चारों ओर राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रमों की धूम मची रही। खासकर स्कूल—कॉलेजों में कई कार्यक्रम हुए। इसी क्रम में झुंझुनूं के राजकीय आरआर मोरारका पीजी कॉलेज में गोरबंद—2025 आयोजित किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से आयोजित हुए इस सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम गोरबंद—2025 की थीम रंगीलों राजस्थान रखी गई थी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला थे। अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. राजवीर सिंह ने की। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता डॉ. मंजू चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की 15 टीमों के 116 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। थीम के अनुसार राजस्थान के रंग और संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए छात्राओं के एक से बढकर एक ग्रुप डांस आयोजित किए गए। इस दौरान छात्राओं ने अपने सामूहिक नृत्यों के जरिए राजस्थान के वीर महापुरूषों, उनके जीवन के बारे में, राजस्थान की दिल को छू लेने वाली बोलियां, राजस्थान की संस्कृति, राजस्थान के ऐतिहासिक स्थल आदि के बारे में बताया। डॉ. मंजू चौधरी ने बताया कि पिछली साल से राजस्थान दिवस के मौके पर गोरबंद कार्यक्रम शुरू किया गया था। जो इस बार और भी बड़े स्तर पर किया जा रहा है। हर साल इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ रही है। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग चूरू के उप निदेशक राजेंद्र सिंह शेखावत, निर्णायक सदस्य मीना आर्य, दीपिका सैनी, डॉ. प्रीति शेखावत आदि भी बतौर अतिथि मौजूद थे। कार्यकम का संचालन डॉ. संगीता एवं डॉ. आकांक्षा डूडी ने किया।

**मेजबान कॉलेज रही प्रथम, न्यू राजस्थान द्वितीय:** कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंजू चौधरी ने बताया कि प्रथम स्थान पर राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यलय झुंझुनूं, द्वितीय स्थान पर न्यू राजस्थान बालिका महाविद्यालय झुंझुनूं एवं तृतीय स्थान पर सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाल राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं की टीत रही। टीमों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न भें कर पुरस्कृत किया गया। कार्यकम में भाग लेने वाली सभी टीमों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।



### महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान स्नातकोतर महाविद्यालय ने बनाया कीर्तिमान

#### पांच में से चार गोल्ड मैडल महाविद्यालय की झोली में

**झुंझुनूं।** शेखावाटी विश्वविद्यालय में आयोजित पांचवें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय स्तर पर महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान स्नातकोतर महाविद्यालय ने विज्ञान के पांच विषय में से चार गोल्ड मैडल प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचकर इतिहास बनाया। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर शनिवार को गोल्ड मैडल सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की विज्ञान विषय में गोल्ड मैडल छात्रा पूजा कुमारी पुत्री दयानंद सिंह ने एमएससी रसायन विज्ञान, कल्पना पुत्री मनफूल ने भौतिक विज्ञान ने, साक्षी चाहर पुत्री सुनिल चाहर ने गणित विषय में, पूनम कुमावत पुत्री जयप्रकाश कुमावत भौतिक विषय में सम्मानित किया गया। कल्पना पुत्री मनफूल न केवल भौतिक विज्ञान में गोल्ड मैडल अर्जित किया है। बल्कि साइंस के पांचों विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर विश्वविद्यालय में साइंस विषय में अलग से गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। दीक्षांत समारोह में बार-बार महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान महाविद्यालय का नाम गूंज रहा था। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक डॉ. घासीराम वर्मा, संस्था सचिव डॉ. हनुमान प्रसाद, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड, डीवी शास्त्री कोषाध्यक्ष, विजयगोपाल, महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं कार्यकरिणी के समस्त सदस्यों ने छात्राओं को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चिड़ावा का उप जिला अस्पताल 'भगवान भरोसे'!

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** कस्बे में स्थित उप जिला अस्पताल में ही स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे है। वहीं चिकित्सकों के आपसी झगड़े और आपस की संवादहीनता आमजन पर भारी पड़ रही है।

ताजा मामला शनिवार को सामने आया। जब एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। तो युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए परिजन और पुलिस उप जिला अस्पताल पहुंचे थे। यहां पर काफी देर तक पोस्टमार्टम कराने के लिए परिजन और पुलिस डॉक्टरों के चैम्बरों में घुमते रहे। लेकिन दो डॉक्टरों ने खुद आपस में संवाद करने की बजाय पुलिस को मैसेंजर की तरह अपने अपने जवाब इधर—उधर भेजते रहे। जिसके बाद परेशान होकर परिजनों ने डॉक्टरों की शिकायत की।

यह शिकायत जब झुंझुनूं सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर तक पहुंची तो उन्होंने अस्पताल के प्रभारी डॉ. सतीश भगासरा को तुरंत पोस्टमार्टम के निर्देश दिए। जिसके बाद डॉ. सतीश भगासरा ने पोस्टमार्टम किया। लेकिन इससे पहले डॉ. सतीश भगासरा खुद को व्यस्त बताते हुए पुलिस को डॉ. नितेश जांगिड़ के पास भेजते रहे। तो डॉ. नितेश जांगिड़ अपनी मजबूरियां बताकर पुलिस को वापिस डॉ. सतीश




भगासरा के पास भेजते रहे। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें पुलिसकर्मी अपनी पीड़ा डॉ. सतीश भगासरा के आगे बयां कर रहा है। जिसमें डॉ. सतीश भगासरा खुद डॉ. नितेश जांगिड़ को कॉल करने या फिर कहने की बजाय पुलिसकर्मी को ही बोल रहे है कि वे जाकर डॉ. नितेश जांगिड़ से कहे कि अस्पताल में डॉक्टर नहीं है। तो वहीं डॉ. नितेश जांगिड़ भी प्रभारी डॉ. सतीश भगासरा से बात करने की बजाय पुलिसकर्मी से यह संदेश भिजवाया कि वे नहीं आ सकते।

इस बातचीत के वीडियो में पुलिसकर्मी भी बेबस नजर आ रहा है। जो यह कह रहा है कि दो कांस्टेबल बुलाने होते तो मैं बुला लेता। लेकिन डॉक्टर मैं कहां से बुलाउं। बहरहाल, आज तो शव का पोस्टमार्टम सीएमएचओ के कहने पर हो गया। परंतु इस तरह की व्यवस्था चिकित्सा सेवाओं पर सवाल उठाती है और साथ ही डॉक्टरों की आपसी संवादहीनता के कारण मानवता भी तार—तार हो रही है। हम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करते। इस मामले में चिकित्सकों से बातचीत करने की कोशिश की गई। लेकिन बातचीत नहीं हो पाई।

### इनका कहना है...

मेरे पास फोन पर शिकायत आई थी कि पोस्टमार्टम नहीं किया जा रहा। जिसके बाद प्रभारी डॉ. सतीश भगासरा को फोन पर ही निर्देश दिए गए थे। इसके बाद डॉ. भगासरा ने पोस्टमार्टम कर दिया था।

**डॉ. छोटेलाल गुर्जर, सीएमएचओ, झुंझुनूं**

# राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था होगी और अधिक मजबूत

## थर्ड ग्रेड शिक्षकों की जल्द होगी डीपीसी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि प्रदेश का हर बच्चा पढ़े और शिक्षा के साथ उसे अच्छे संस्कार भी मिलें। बच्चों में किताबों के साथ नैतिक



मूल्यों, अनुशासन, आचरण और व्यवहारिक ज्ञान एवं माननीय मूल्यों का समावेश हो, इसके लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता से शैक्षणिक व्यवस्था को और मजबूत बना रही है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के सभी संवर्गों की डीसीपी कराई जा रही हैं। आगामी अप्रैल माह से विभिन्न संवर्गों की डीपीसी कराकर विद्यालयों में सभी पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जाएगा। थर्ड ग्रेड शिक्षकों की डीपीसी भी जल्द कराई जाएगी। साथ ही, गत सरकार में हुई पदोन्नतियों में सामने आई अनियमितताओं की जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएंगी। राज्य सरकार द्वारा अब परीक्षाओं में री-टोटलिंग के साथ री-चैकिंग का नवाचार भी किया जा रहा है। अभी इसका पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। पेपर आउट होने और नकल माफिया पर अंकुश लगाने की दिशा में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं के पेपर भी खंडवार अब अलग-अलग विशेषज्ञों से बनवाए जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रारंभिक शिक्षा में मातृभाषा या स्थानीय भाषा में शिक्षा प्रदान करने के लिए बताया गया है। इसके लिए शब्दकोश तैयार कर लिया गया है। राज्य सरकार द्वारा इसी नीति अनुसार पुस्तकें तैयार की जा रही है। राइजिंग राजस्थान में 14 हजार 500 करोड़ रूपए के 250 से अधिक एमओयू किए गए, जिन्हें जल्द धरातल पर लाया जाएगा। प्रदेश के निजी विद्यालयों की मान्यता की पत्रावलियों को तय समय में निस्तारित किया जाएगा। विद्यालय समय में कोई भी शिक्षक विद्यालय नहीं छोड़े, इसके लिए विभाग द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। पहली बार जुलाई में ही सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। गत सरकार ने महामारी के दौरान मिड-डे मील में खाना पकाने की लागत के बराबर सामग्री वितरित करने का निर्णय लिया। उस दौरान वित्त विभाग ने अभिभावकों के खातों में भुगतान कराने के लिए कहा था, लेकिन विभाग ने सामग्री ही वितरित करने का निर्णय लिया। गत सरकार में 59 लाख 81 हजार विद्यार्थियों की संख्या होने के बावजूद 66 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को ऐसे समय सामग्री वितरित होना बताया, जबकि कोविड के कारण कोई बाहर तक नहीं निकल रहा था। इसमें सामग्री खरीद टेंडर में भी गड़बड़ियां हुई हैं। सीएजी रिपोर्ट के अनुसार 1 हजार 705 करोड़ रूपए का घोटाला बताया है। उस समय जांच कराई गई,लेकिन अब वर्तमान सरकार उस समय की जांच को निरस्त करते हुए नई टीम द्वारा निष्पक्ष जांच

**विशेष सामग्री**

कराएगी एवं दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मदरसा बोर्ड में यूनिफॉर्म वितरण में हुए घोटाले की भी वर्तमान सरकार जांच कराएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन और निगरानी में 27-28 फरवरी,2025 को रीट (अध्यापक भर्ती परीक्षा) हुई, 13 लाख 77 हजार अभ्यर्थियों ने यह परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान प्रदेश में अनैतिक गतिविधियों की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। प्रदेश में 369 विद्यालय में शून्य नामांकन, 81 विद्यालय एक ही परिसर अथवा 100 मीटर की परिधि में संचालित थे। सहशिक्षा के विद्यालय में बालक और बालिकाएं दोनों अध्ययनरत है और बालिका विद्यालय में भी बालिकाओं के साथ बालक भी अध्ययनरत थे। उन विद्यालयों के एक ही परिसर होने से दोनों विद्यालयों को पर्याप्त शिक्षक, संसाधन उपलब्ध होने के साथ-साथ बालिकाओं को सभी अतिरिक्त विषय और संकाय पढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। राज्य सरकार शिक्षा विभाग के दिव्यांग कार्मिकों के प्रति संवेदनशील है। विभाग में 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित और मूक बधिर अधिकांश कार्मिकों को उनके इच्छित स्थानों पर पदस्थापित कर दिया गया है। शेष बचे कार्मिकों को भी शीघ्र लगा दिया जाएगा। राज्य सरकार स्थानांतरण नीति के सम्बन्ध में विशेषज्ञों की राय ले रही है। प्रदेश में बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना लाई गई। इसमें राज्य सरकार द्वारा बेटी के जन्म पर एक लाख रुपए का संकल्प पत्र दिया जा रहा है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने सभी संभागों पर बालिका सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा की है। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग के सभी कार्मिकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के आईडी कार्ड बनाने एवं एक ही श्रेणी के विद्यालयों का एक ही तरीके से रंग-रोगन कराए जाने की घोषणा की।

## 13 साल बाद अधूरा सपना होगा पूरा, नगर परिषद में ऑडिटोरियम का निर्माण होगा शुरू

**झुंझुनूं।** नगर परिषद में 2011 में शुरू हुआ ऑडिटोरियम का निर्माण, कुछ समय बाद रूक गया था। काफी बार इसे लेकर मांग उठी। लेकिन नगर परिषद में एक ढांचा ही खड़ा हो पाया। जो कोई काम का नहीं है। लेकिन अब भजनलाल सरकार ने 13 साल पुराना कार्य फिर से शुरू करने का पूरा मन बनाते हुए इसके लिए 12.24 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत कर दी है। जिसमें विधायक राजेंद्र भांबू के प्रयास कामयाब हुए। इस स्वीकृति के बाद झुंझुनूं शहर ने जो 13 साल पहले एक सपना देखा था। वो अब पूरा होने की उम्मीद जगी है। जब 2011 में ऑडिटोरियम की नींव रखी गई तो झुंझुनूं शहर के लोगों ने एक सपना देखा था कि झुंझुनूं शहर में भी एक आधुनिक सुविधाओं से युवक्त एक ऐसा ऑडिटोरियम होगा। जहां एक साथ 840 की संख्या तक शहरवासी किसी कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे। सरकारी मशीनरी ने भी मान लिया था कि आगे की बड़ी बैठकें और कार्यक्रम हम इस ऑडिटोरियम में करेंगे। लेकिन राणी सती ट्रस्ट द्वारा शुरू किया यह कार्य बंद हो गया। तब पता चला कि राणी सती ट्रस्ट और नगर परिषद के बीच जो एमओयू हुआ था। उसमें सिर्फ ढांचा खड़ा करने का जिम्मा राणी सती ट्रस्ट के पास था। बाकि सारा काम नगर परिषद को करवाना था। तब से कई बार इस कार्य को पूरा करवाने के लिए कोई कोशिशें हुई। विधानसभा चुनावों, लोकसभा चुनावों, निकाया चुनावों में भी ऑडिटोरियम का अधूरा निर्माण पूरा करवाना एक मुद्दा रहा। लेकिन कभी इसकी सुध किसी ने नहीं ली। विधायक राजेंद्र भांबू ने चुनावों में ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा करवाने का वादा किया था। जो अब पूरा हो गया है। दरअसल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने विधायक भांबू की मांग को पूरा करते हुए डीएमएफटी फंड से 12.24 करोड़ की राशि इस अधूरे पड़े ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा करवाने के लिए स्वीकृत की है। इस स्वीकृति के बाद प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कांग्रेस पर तंज मारा है और कहा कि कांग्रेस खोखली राजनीति करती है। झूठे वादे करती है। उसका उदाहरण ये अधूरा पड़ा ऑडिटोरियम है। जिसे अब भजनलाल सरकार पूरा करेगी।

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर / सार्वजनिक सूचना
क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-14/2025/डी-607 दिनांक 29.03.2025
आवेदक श्री राकेश अग्रवाल पुत्र श्री गिरधारी लाल अग्रवाल एवं श्री विकास अग्रवाल पुत्र श्री गिरधारी लाल अग्रवाल द्वारा ग्राम रामपुरा बास गोनेर तह. चाकसू के ख.नं. 202, 204, 205, 206, 207, 208, 209, 766/740 कुल किता 08 क्षेत्रफल 2.4474 हैक्ट. 90ए शुदा भूमि पर औद्योगिक (नॉन पाल्यूटिंग) प्रयोजनार्थ एकल पट्टा मानचित्र अनुमोदन हेतु आवेदन किया गया था। जिसके क्रम में प्राधिकरण की बी.पी.सी. (एल.पी) समिति की 375वीं बैठक दिनांक 19.11.2024 में आवेदित भूमि के लगते हुए जविप्रा स्वामित्व के ख.नं. 210(किस्म बारानी) व 211 (किस्म गै.मु.रास्ता) पर विद्यमान सड़क का अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 के क्रम में मार्गाधिकार 18 मीटर रखे जाने का निर्णय लिया गया है। यदि उक्त निर्णय पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय जोन-14, जविप्रा में अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त कालावधि में आपत्ति/सुझाव प्राप्त नही होने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। सूचित रहें। यह विज्ञप्ति आज दिनांक 29.03.2025 को जारी की गई है। उपायुक्त जोन-14

# सड़क हादसे में डाक्टर, मेडिकल छात्र की मौत




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर-जैसलमेर हाइवे (NH-68) पर स्कॉर्पियो और बोलेरो कैंपर की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। इसमें स्कॉर्पियो सवार रेजिडेंट डाक्टर और सेकेंड ईयर के मेडिकल विद्यार्थी शामिल हैं। जिला हॉस्पीटल से मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। ग्रामीण थाना इंचार्ज विक्रम दान चारण ने बताया- शुक्रवार को बाड़मेर जिला हॉस्पीटल में ड्यूटी के बाद स्कॉर्पियो में डा. अशोक कुमार (45), जूनियर रेजिडेंट डाक्टर नरेश कुमार, मेडिकल विद्यार्थी रमेश विश्नोई (24) और तीन अन्य विद्यार्थी (मेडिकल) मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। रात 12 बजे मेडिकल कॉलेज के पास ही उनकी स्कॉर्पियो कार सामने से आ रही बोलेरो कैंपर से भिड़ गई और पलट गई। इसी स्कॉर्पियो में डाक्टर और विद्यार्थी सवार थे। शुक्रवार रात यह कार बाड़मेर-जैसलमेर हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

**बाड़मेर-जैसलमेर हाइवे पर हादसा**

डाक्टर-मेडिकल विद्यार्थी की मौके पर ही मौत आमने-सामने हुई इस भिड़ंत में डा. अशोक और विद्यार्थी रमेश की मौके पर ही मौत हो गई। डा. नरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने ग्रामीण पुलिस को घटना की सूचना दी। ग्रामीण पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला हॉस्पीटल लाया गया। घायल डा. नरेश कुमार को पहले जोधपुर और वहां से अहमदाबाद रेफर किया गया है। बाकी तीन को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें जिला अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। शवों को जिला हॉस्पीटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। डा. अशोक कुमार, बारासन गांव (गुड़ामालानी, बाड़मेर) और रमेश विश्नोई पादरड़ी गांव (गुड़ामालानी, बाड़मेर) के रहने वाले थे। सीएमएचओ बोले- हमने होनहार डाक्टर और छात्र खोया है। सीएमएचओ विष्णुराम विश्नोई ने कहा- भीषण सड़क हादसे में हमने जूनियर रेजिडेंट ऑर्थोपेडिक डाक्टर अशोक और मेडिकल विद्यार्थी रमेश को खो दिया। यह दर्द बयां नहीं किया जा सकता।

## विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का मामला दर्ज

**जैसलमेर।** मोहनगढ़ नहरी क्षेत्र के पीटीएम थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की आग से झुलसने के सात दिन बाद हुई मौत के मामले में परिजनों ने पीटीएम थाना में दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पीटीएम थाना प्रभारी नरेंद्र पंवार ने बताया कि मोहनगढ़ नहरी क्षेत्र के पीटीएम थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने 22 मार्च को अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर आग लगा ली। जलती हुई हालत में वह कमरे से बाहर भागी, जिससे परिवार में हडकंप मच गया। पति लालचंद ने उसे बचाने की कोशिश की, जिससे वह भी झुलस गया। गंभीर रूप से झुलसी विवाहिता को तुरंत जैसलमेर लाया गया और प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर किया गया, जहां बीती रात को उसकी मौत हो गई।

**▸▸ सात दिन पहले झुलसी, पिता ने लगाया पति पर जलाने का आरोप**

### 13 साल पहले शादी

■ मृतका सुमन (27) का विवाह करीब 13 साल पहले लालचंद पुत्र हाथी राम निवासी केलणसर, जिला फलोदी से हुआ था। दोनों के तीन बच्चे हैं। विवाहिता की मौत के बाद मृतका के पिता सुखाराम पुत्र मूलाराम निवासी कोलायत ने पीटीएम थाने में दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि लालचंद उनकी बेटी को दहेज के लिए लंबे समय से प्रताडित कर रहा था और 22 मार्च की रात उसे पेट्रोल डालकर जला दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पीटीएम थानाधिकारी नरेंद्र पंवार मामले की जांच कर रहे हैं।

## जोधपुर में नववर्ष महोत्सव को लेकर सांस्कृतिक संध्या

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में नव वर्ष महोत्सव समिति की ओर से चैत्र शुक्ल प्रथमा को हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 धूमधाम से मनाया जाएगा। इसको लेकर शुक्रवार को संध्या के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्नेह मिलन समारोह रखा गया, हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शनिवार को जोधपुर के जलजोग चौराहे पर आतिशबाजी की गई।



नव वर्ष महोत्सव समिति अध्यक्ष अशोक चौहान ने बताया- सांस्कृतिक समारोह में मनोज रिया ग्रुप की ओर से जीवंत झांकियां की प्रस्तुति दी गई।

इसके साथ ही भगवान गणेश, प्रभु श्री राम और शिवजी की भस्म आरती की प्रस्तुति ने मन मोह लिया। नव वर्ष महोत्सव समिति के महासचिव वरुण धनाडिया ने बताया- भारतीय नव वर्ष की पूर्व संध्या पर शनिवार की शाम चार बजे से घंटाघर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा जलजोग सर्किल पर भारत माता की आरती और आतिशबाजी की जाएगी। नव वर्ष के दिन उन्होंने शहर वासियों से अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाने और संध्या के समय घर-घर दीपक प्रज्ज्वलित करने का आह्वान भी किया है।

## राणा सांगा पर बयान देने वाला सांसद ओछा

**जैसलमेर।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से राणा सांगा को लेकर दिए गए विवादित बयान पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने भी अपना विरोध दर्ज करवाया है। चिकित्सा मंत्री खींवसर ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन को ओछा आदमी बताया है। उन्होंने कहा- हमारे देश में मुगलों से इतने युद्ध लड़कर जिन लोगों ने अपना बलिदान दिया उन लोगों पर सपा के सांसद द्वारा इतने तुच्छ बयान देकर अपनी मानसिकता दिखाई है। ये सब इनको शोभा नहीं देता है। समाजवादी पार्टी का भी कितना मनोबल गिरा हुआ है, ये प्रमाणित करता है ऐसे लोगों को टिकट देकर जो इतनी गन्दी बातें करते हैं। गौरतलब है कि चिकित्सा मंत्री और जैसलमेर जिले के प्रभारी मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर अपनी दो दिवसीय यात्रा पर गुरुवार-शुक्रवार जैसलमेर आए थे। इस दौरान उन्होंने जैसलमेर कलक्टर साभार में अधिकारियों की बैठक ली और जिला स्तरीय सुशासन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से राणा सांगा को लेकर दिए गए विवादित बयान पर अपनी बात कही। खींवसर ने राजस्थान के वीरों के बारे में बात करते हुए बताया- ऐसे वीर अगर नहीं होते तो अफगानिस्तान से जितने लुटेरे यहां आए हैं युद्ध किये हैं उनसे सब लड़ें हैं। हमारी बहन-बेटियों की जिन्होंने इज्जत लूटी है, हमारा धर्म बदलने की जिन लोगों ने कोशिश की, हमको जिन लोगों ने लूटा, उनके सामने हमारे वीर खड़े रहे और लड़े। लुटेरों के सामने वीर डटे रहे और अपनी जिंदगी गंवाई है। ऐसे वीरों पर इस तरह की भाषा बोलना, ऐसे शब्द इस्तेमाल करना, ये बताता है कि वो सांसद कितना ओछा आदमी है।



## मल्लीनाथ पशु मेले में महंत गोरखनाथ का आगमन

**बालोतरा।** बालोतरा के तिलवाड़ा के विश्वप्रसिद्ध मल्लीनाथ पशु मेले में ख्याला मठ, म्याजलार के महंत गुरु गोरखनाथ महाराज ने विशेष दर्शन किए। उन्होंने श्री रावल मल्लीनाथ श्री राणी रूपादे संस्थान के तीन प्रमुख मंदिरों का भ्रमण किया। संस्थान सचिव सुमेरसिंह वरिया के नेतृत्व में महंत का भव्य स्वागत किया गया। महंत ने थान मल्लीनाथ, पालिया स्थित श्री राणी रूपादे मंदिर और मालाजाल स्थित श्री रावल मल्लीनाथ मंदिर में दर्शन किए। महंत गोरखनाथ ने थान मल्लीनाथ में स्थित जसोल धाम भोजनशाला का निरीक्षण भी किया। यह भोजनशाला श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान, जसोल द्वारा निःशुल्क संचालित की जाती है। उन्होंने संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल के इस प्रयास की सराहना की। महंत ने कहा कि अन्नदान सबसे बड़ा दान है। यह शरीर और आत्मा दोनों को तृप्त करता है।



## कैश वैन से डोडा-पोस्त की तस्करी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की आरजीटी पुलिस ने भारत सरकार लिखी कैश वैन (कैश मैनेजमेंट सर्विस) से डोडा-पोस्ट की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुड़ामालानी इलाके से वैन से 730 किलोग्राम डोडा-पोस्त की खेप पकड़ी थी। एसपी नरेंद्र कुमार मीना ने बताया- गुड़ामालानी थाने में 23 मार्च को मामला दर्ज कर जांच आरजीटी थानाधिकारी को दी गई। थानाधिकारी आदेश कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने फरार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी गई। जिला जोधपुर डीएसटी से समन्वय बनाकर वांटेड आरोपी बुधाराम उर्फ सुरेंद्र पुत्र आसुराम निवासी जुगताणियों की ढाणी आलपुरा गुड़ामालानी, सुनील कुमार पुत्र तेजाराम, रमेश कुमार पुत्र रूगनाथराम दोनों निवासी बोरली बारासण गुड़ामालानी गांव कुड़ी भगतासनी जिला जोधपुर ग्रामीण में एक मकान में छुपे थे। पूछताछ के बाद तीनों को गिरफ्तार किया है। मामले में फरार खेत मालिक नरेश उर्फ नागजी की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों से डोडा-पोस्त की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है।



### यह है मामला

गुड़ामालानी थानाधिकारी देवीचंद ढाका ने बताया- नशे की तस्करी के लिए बदमाश नए-नए प्रयोग कर रहे हैं। 22 मार्च की रात को जानकारी यह भी मिली थी कि सुनील, सुरेंद्र और नरेश नाम के लड़के बड़ी खेप ले जाने वाले हैं। इसके लिए आरोपी कैश वैन का उपयोग कर रहे हैं। यह वही वैन थी, जिसमें कैश रखकर एटीएम तक ले जाया जाता है। बिना समय गंवाए गुड़ामालानी पुलिस आधी रात में लूणवा जागीर ग्राम पंचायत के भोलानगर गांव पहुंची। गांव के खेत में एक कमरा बना हुआ था। यह कमरा नरेश पुत्र जबराराम का था। इसी में वैन को छुपाकर रखा गया था। वहां वैन देखकर पुलिस हैरान रह गई। पुलिस की कार्रवाई से पहले सभी आरोपी वहां से निकल चुके थे। जानकारी मिली कि 22 मार्च की रात ही इस वैन से नशे की खेप भेजी जानी थी। गाड़ी को मोडिफाई करके कैश ट्रांजिट व्हीकल का रूप दिया गया था। बदमाशों को यह बात पता थी कि कैश वैन की जांच नहीं की जाती है। इसलिए उन्होंने यह हथकंडा अपनाया था।

## चार साल से फरार तस्कर गिरफ्तार

**जोधपुर।** जोधपुर के वेस्ट जिले की पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रहे इनाम आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था, उसके खिलाफ पुलिस थाना देवगढ़ जिला प्रतापगढ़ में मादक पदार्थ तस्करी को लेकर मामला दर्ज था। जानकारी देते हुए डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि साल 2022 में देवगढ़ पुलिस थाना जिला प्रतापगढ़ में पुलिस की ओर से एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी, जिसमें आरोपी सहीराम पुत्र घेवर राम बिश्नोई निवासी बिजली घर के पास फींच पुलिस थाना लूणी फरार चल रहा था, आरोपी की गिरफ्तारी पर 10,000 का इनाम घोषित था जिसे जिला विशेष टीम ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी जोधपुर के पाल बालाजी मंदिर की तरफ आया था। जिसे कॉन्स्टेबल देवेंद्र पटेल ने पहचान लिया। बाद में उसे प्रतापगढ़ जिले की देवगढ़ पुलिस को सुपुर्द किया गया।



## घर में निकला पांच फीट लम्बा कोबरा

**जैसलमेर।** जैसलमेर के अमरसागर इलाके में एक घर के टॉयलेट में कोबरा सांप निकल आने से घर में दहशत फैल गई। लोगों ने स्नेक कैचर को बुलाया।



मौके पर पहुंचे स्नेक कैचर प्रेम चौधरी ने करीब पांच फीट लम्बे सांप को टॉयलेट से सुरक्षित बाहर निकाला। स्नैक कैचर प्रेम ने बताया- बीती रात लालूराम के घर एक सांप निकल आया। कोबरा सांप घर में बने टॉयलेट में निकला है। घर वालों के कोबरा को टॉयलेट में देखकर होश उड़ गए। वहां पहुंचे स्नेक कैचर ने टॉयलेट में घुसे सांप को तुरंत रेस्क्यू किया और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

## पचपदरा रिफाइनरी में 300 किलो तांबे की केबल चोरी

**बालोतरा।** पचपदरा पुलिस ने रिफाइनरी में हुई बड़ी चोरी का खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देचू निवासी हीराराम जाट को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की तांबे की केबल और पिकअप गाड़ी बरामद की है। घटना 25 मार्च की रात करीब 2:15 बजे की है। सिक्योरिटी गार्ड कृष्णपाल सिंह की रिपोर्ट के मुताबिक, पेट्रोलिंग टीम गेट नंबर 1 के अंदर गश्त कर रही थी। इस दौरान गेट नंबर-3 से 300 मीटर दूर संदिग्ध गतिविधि देखी गई। गाड्र्स के पहुंचने पर कुछ लोग दीवार फांदकर भाग गए। पुलिस को मौके पर एक पिकअप मैक्स गाड़ी मिली, जिसमें तांबे की केबल के 25 टुकड़े बरामद हुए। हर टुकड़े का वजन करीब 12 किलो था। पुलिस ने परंपरागत तरीकों और सूचना संकलन से जांच शुरू की। जांच के दौरान देचू निवासी हीराराम जाट को गिरफ्तार किया गया।



# व्यापार जगत

## $44 अरब में खरीदा, $33 अरब में बेच दिया

**▸▸ एलन मस्क ने अपनी ही कंपनी को बेचा 'एक्स'**

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स यानी ट्विटर को अपनी ही AI कंपनी xAI को बेच दिया है। यह डील पूरे 33 अरब डॉलर में हुई है। यह डील शेयरों में हुई है। मस्क ने कुछ साल पहले ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था और इसका नाम बदलकर एक्स कर दिया था। इसके बाद उन्होंने एक्स को प्राइवेट कंपनी बना दिया था। दोनों ही कंपनियां प्राइवेट हैं। इसलिए उन्हें अपनी कमाई के बारे में सबको बताने की कोई जरूरत नहीं है। मस्क ने X पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। मस्क ने लिखा कि इस कदम से xAI की AI तकनीक और X के बड़े नेटवर्क को मिलाकर बहुत फायदा होगा। इस डील में xAI की वैल्यू 80 बिलियन डॉलर और X की वैल्यू 33 बिलियन डॉलर आंकी गई है। मस्क दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं। वह Tesla और SpaceX के सीईओ हैं और साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार भी हैं। उन्होंने 2022 में ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। फिर उन्होंने कंपनी के कई कर्मचारियों को निकाल दिया। साथ ही, हेट स्पीच, गलत जानकारी और यूजर वेरिफिकेशन से जुड़े नियमों में भी बदलाव किए। इसके बाद ट्विटर का नाम बदलकर X कर दिया गया। मस्क ने xAI को 2023 में शुरू किया था।



### क्या होगा फायदा

मस्क ने X पर लिखा, 'xAI और X का भविष्य एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। आज, हम डेटा, मॉडल, कंप्यूटिंग पावर, डिस्ट्रीब्यूशन और टैलेंट को मिलाने का कदम उठा रहे हैं। इस मेल से xAI की AI क्षमता और X के बड़े नेटवर्क को मिलाकर बहुत फायदा होगा।' इसका मतलब है कि दोनों कंपनियां मिलकर काम करेंगी। इससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मस्क ने आगे कहा कि यह कंपनी अरबों लोगों को बेहतर और ज्यादा उपयोगी अनुभव देगी। साथ ही, हमारा मुख्य लक्ष्य सच्चाई की खोज और ज्ञान को बढ़ाना है।

## सोमवार को नहीं खुलेगा शेयर बाजार



**▸▸ अब मंगलवार को होगा कारोबार**

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार अब इस वित्त वर्ष में नहीं ओपन होगा। शनिवार की वजह से मार्केट बंद है। तो वहीं, 30 मार्च को रविवार की वजह से स्टॉक मार्केट में कोई कारोबार नहीं होगा।

31 मार्च को ईद का त्योहार है। जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार में छुट्टी रहेगी। यानी अब स्टॉक मार्केट सीधा एक अप्रैल को ओपन होगा।

निवेशक अगले हफ्ते मंगलवार को ही अब सीधा कारोबार कर पाएंगे। सोमवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई में कोई स्टॉक, डेरिवेटिव और SLB में सेटेलमेंट नहीं होगा। ना ही इस दौरान कोई ट्रेडिंग होगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज 31 मार्च को कुछ देर के लिए ओपन रहेगा। शाम को पांच बजे से 11.30 मिनट या 11.55 मिनट तक इस एक्सचेंज पर कारोबार होगा। वहीं, नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंद पूरी तरफ से इस दिन बंद रहेगा। अगले महीने में कुल तीन ऐसे दिन हैं जब घरेलू मार्केट बंद रहेगा। पहली छुट्टी 10 अप्रेल को महावीर जयंती की वजह से है।

वहीं, दूसरी बार इस महीने में स्टॉक मार्केट 14 अप्रेल को बाबा साहेब भीव राव अम्बेडकर की जयंती पर बंद रहेगा। अप्रेल के ही महीने में 18 तारीख को गुड फ्राइडे की वजह से स्टॉक मार्केट नहीं खुलेगा। बता दें, प्रत्येक सप्ताह में शनिवार और रविवार को स्टॉक मार्केट में छुट्टी रहती है।

### मई के बाद अगस्त में रहेगी स्टॉक मार्केट की छुट्टी

अप्रेल के बाद मई में पहली तारीख को महाराष्ट्र दिवस की वजह से शेयर बाजार बंद रहेगा। जून और जुलाई में कोई बड़ा त्योहार नहीं है। जिसकी वजह से मई के बाद अगली छुट्टी 15 अगस्त को सीधा है। वहीं, इसी अगस्त के महीने में ही 27 तारीख को गणेश चतुर्थी की वजह से स्टॉक मार्केट में छुट्टी रहने वाली है।

## आप का राशिफल 30 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-३-४-७

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मितव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

### इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी

## सोना महंगा होकर 89164 रुपए पर पहुंचा

**▸▸ चांदी 1 लाख 892 रुपए प्रति किलो बिकी**

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 22 मार्च को सोना 88,169 रुपए पर था, जो अब (29 मार्च) को 89,164 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 995 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 97,620 रुपए पर थी, जो अब 1,00,892 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 3,272 रुपए बढ़ी है। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए और सोने ने 89,306 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।



### इस साल 92 हजार रुपए तक जा सकता सोना

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है।

जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड ईटीएफ में निवेश भी बढ़ रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 92 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच सकता है।

## दो अप्रेल को आने वाली सबसे बड़ी तबाही!

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दो अप्रेल को बड़ा धमाका करने वाले हैं। इससे दुनिया भर के बाजारों में तबाही आ सकती है। ट्रंप घरेलू उद्योगों को बचाने के लिए कुछ नए टैक्स की घोषणा कर सकते हैं। इससे देशों के बीच व्यापार को लेकर पहले से चल रही खींचतान और बढ़ सकती है। भारत के बाजार के लिए यह बहुत बड़ी खबर है। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से यह सबसे बड़ा बदलाव हो सकता है। इसका असर भारत पर भी पड़ने की आशंका है। अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। अगर अमेरिका भारतीय सामान पर टैरिफ बढ़ाता है तो भारत प्रभावित होगा। इससे पता चलेगा कि बाजार में इसका असर कुछ समय के लिए रहेगा या यह हमेशा के लिए कुछ उद्योगों को बदल देगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बाजार ने पहले से ही इसका अनुमान लगा लिया है या इस पर अचानक से कोई बड़ी प्रतिक्रिया होगी? माना जा रहा है कि ट्रंप जो नए टैक्स लगाने वाले हैं, वह उन देशों के साथ ट्रेड को संतुलित करने की एक योजना है जो अमेरिका से ज्यादा सामान बेचते हैं। अभी इस योजना की पूरी जानकारी नहीं मिली है। यह भी देखना होगा कि क्या ये टैक्स पहले से लगे हुए टैक्सों के अलावा होंगे या नहीं। इस योजना का मकसद यह है कि अमेरिका में बाहर से आने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगेगा। इससे सामान महंगा हो जाएगा और लोग अपने देश में बने सामान को ज्यादा खरीदेंगे। ये टैक्स जापान, यूरोपियन यूनियन, कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों पर लग सकते हैं। ये देश अमेरिका को ज्यादा सामान बेचते हैं। भारत भी इस लिस्ट में है और उसे भी नुकसान हो सकता है। हालांकि, भारत पर इसका ज्यादा असर नहीं होगा। इन टैक्सों से दुनिया भर में सामान की सप्लाई में दिक्कतें आ सकती हैं। खासकर ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में। ऑटोमोबाइल उद्योग पहले से ही परेशानी में है क्योंकि अमेरिका में बाहर से आने वाली कारों और उनके पार्ट्स पर 25% टैक्स लगाने की घोषणा हो चुकी है।



■ दांव पर लगे अरबों डॉलर, कितना तैयार भारतीय बाजार?

# राजस्थान दिवस: शिक्षक एवं शिक्षिकाएं पारंपरिक पोशाक में पहुंचे विद्यालय





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान दिवस पर शहर समेत जिलेभर की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। पुरुषों ने साफा, धोती-कुर्ता और कुर्ता-पायजामा पहना। जबकी महिलाओं ने राजपूती पोशाक पहनी। विद्यालयों में शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के लिए आज का दिन सबसे खास दिन रहा। जिला मुख्यालय के नवीन भवन विद्यालय में शिक्षा निदेशालय के आदेश की पालना में शिक्षक पारंपरिक राजस्थानी वेशभषू साफा, धोती, कुर्ता तथा शिक्षिकाएं लहंगा, चनुरी, ओढ़नी पहन कर स्कूल आए। राजथानी सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राचार्य एवं शहर संकुल शिक्षा अधिकारी भगवतसिंह देवड़ा ने बताया कि स्कूल में सभी ने नमस्ते एवं गुड मॉर्निंग के खम्माघणी बोल कर अभिनंदन किया।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में राजस्थान दिवस व नव वर्ष संवत्सर को शानदार रंगारंग कार्य म सहित उत्साह पूर्वक बनाया। प्रधानाचार्य श्रीमती हीरा खत्री एवं उत्सव एवं जयंती प्रभारी गोपाल सिंह राव ने बताया विशेष दिन पर दिन भर विशेष आयोजन किए। मुख्य वार्ताकार राव ने बताया कि भारतीय नव वर्ष का प्राकृतिक महत्व है। विद्यालय में परीक्षार्थियों का कुमकुम अक्षत तिलक लगाकर, मौली बांध कर तथा मुंह मीठा कराया गया। एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी गई। ढोल थाली पर बालिकाओं ने शानदार नृत्य किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने समा बांधा। प्रधानाचार्य नरेन्द्रसिंह आढ़ा, अनीता चौहान, वर्षा त्रिवेदी,शर्मिला डाबी,लता किरण बंसल, कुसुम परमार, कल्पना चौहान, चन्द्रकान्ता चौहान, सोनल राठौड़, पुखराज शवंसा आदि मौजूद थे।

### यह आदेश हुआ था जारी

राजस्थान दिवस को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से एक आदेश जारी किया गया। जिसमें शनिवार को शिक्षक और विद्यार्थी एवं शिक्षिकाएं राजस्थान की पारंपरिक पोशाक पहनकर आएंगे। जिसमें शिक्षिका कुर्ता, बंधेज साडी, घाघरा, राजपूती पोशाक व शिक्षक साफा,धोती, कुर्ता इत्यादि पहन सकते हैं। इसके बाद विद्यालय में भाषण, कविता व वाचन गतिविधिया आयोजित करनी होगी। विद्यार्थी राजस्थानी भाषा में भाषण, कविता या राजस्थानी कवियों के गीतों की प्रस्तुति देंगे।



राजस्थान दिवस शनिवार सवेरे रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन व खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित यह दौड़ अंहिसा सर्कल से प्रारम्भ हुई। जिसे तहसीलदार जगदीश विश्नोई व जिला खेल अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने रवानगी दी। जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के राजेन्द्रसिंह देवडा, कालूराम देवासी व शिक्षा विभाग के शारीरिक शिक्षक अमृत माली, बलवन्तसिंह महेचा, रंजी स्मिथ, शैलेन्द्रसिंह राठौड, विरेन्द्रसिंह, पर्बतसिंह देवडा, कपूराराम माली ने रन फॉर फिट राजस्थान का सुचारू संचालन किया ।




शिवगंज



**शिवगंज।** मॉडर्न डिफेन्स स्कूल में भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी के मुख्य आतिथ्यि, राजस्थानी साहित्य की किरण नितिला राजपुरोहित भी उपस्थत रही। कर्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं संस्था निदेशक नरेंद्रसिंह राजपुरोहित ने किया। राजपुरोहित, रीटा त्रिवेदी व मधुबाला पारेख, महावीरसिंह एवं जब्बरसिंह ने अतिथियों का सम्मान किया। संस्था के सहायक निदेशक भानुप्रताप सिंह राजपुरोहित ने बताया कि शनिवार को नो बैग डे पर निदेशक के निर्देशानुसार राजस्थान स्थापना दिवस मनाया गया। राजस्थान दिवस संस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थानी भाषा मे भाषण कविता प्रतियोगिता सहित कई कार्य मों का आयोजन किया गया। अतिथियों ने बच्चों का सम्मान किया। जिलाध्यक्ष डॉ भंडारी ने कहा कि हमें अपनी भाषा संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। श्रीमती किरण नितिला राजपुरोहित ने राजस्थानी भाषा-संस्कृति और राजस्थानी भाषा की महत्वपूर्ण जानकारी दी। सभी शिक्षक-विधार्थी राजस्थानी पोशाक पहनकर आए और नमस्ते-गुडमॉर्निंग की जगह खम्माघणी करते नजर आए। मंच संचालन ऋषभ नागर और प्रफुल बोहरा ने किया। उमेश त्रिवेदी, चेतन दवे, दीपक अग्रवाल, तोशिफ खान, ईश्वरसिंह, मीनू माथुर, मीना अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, सुखदेव सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। उधर, मेवाड़ा पब्लिक स्कूल में राजस्थान दिवस मनाया। संस्था के निदेशक जयेन्द्र मेवाड़ा ने राजस्थान दिवस की जानकारी साझा की। प्रेरित चौहान, यशवी दिव्यांशी, चेस्टा ने मारवाड़ी भाषा में कहानिया सुनाई। निखिल, तोशिका ने मारवाड़ी में कविता सुनाई। ध्रूव, डैनी, सष्टि, नक्षत्र, मयंक, मौलिशा, यक्षित, आद्या, कनक राजस्थानी पोशाक में स्कूल आए। दिव्यांशु व यश में मारवाड़ी में संवाद किया। स्कूल के सभी अध्यापक भी राजस्थानी पोशाक में स्कूल आए। हर्ष व करण, जयश्री व प्रिया ने मारवाड़ी में संवाद किया। अध्यापक सर्जिना ने राजस्थान की वीर गाथा की जानकारी दी।

**जीरावल।** संघवी हंसराज कानाजी मालगांव राजकीय अंग्रेजी विद्यालय में राजस्थान दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय स्टॉफ व सभी विद्यार्थियों ने राजस्थानी परंपरागत पोशाक धारण कर राजस्थान दिवस को यादगार बनाया। संस्था प्रधान अर्जुन कुमार माली व व्याख्याता अजित सिंह ने राजस्थान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। भादर नाथ सिद्ध व रमेश प्रजापत ने नववर्ष स्वागत के तहत नववर्ष बधाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न खेलो का आयोजन भी किया गया। जगदीश कुमार, मुकेश पुरोहित, श्रवण कुमार शर्मा, अनिता, रमेशराम धर्माणी, मधु, मुकेशदान, विष्णु कुमार, गणपतसिंह, अजयराम, महिपालसिंह, शशिकला उपस्थित रहे।



**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय परिसर में राजस्थान दिवस पर कई कार्रक्रम हुए। शिक्षक एवं विद्यार्थी पारंपरिक पोशाक पहनकर विद्यालय आए। बालक बालिकाएं राजस्थानी वेशभूषा में बड़े ही सुंदर नजर आ रहे थ। कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। उप प्रधानाचार्य जैसाराम मीणा, कांतिलाल माली, भंवर परमार, कन्हैयालाल मीणा, भरतसिंह, श्रीमती मंजू गोस्वामी, मंजू मीणा, स्वाति साहू, भगवानाराम मेघवाल, जगराम कुम्हार, पारस मीणा, नरेंद्रसिंह, अरविंद कुमार एवं कुसुम बरसात आदि मौजूद थे।





**सरूपगंज।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान दिवस पर नो बैग डे के तहत कई कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने राजस्थान की पारंपरिक पोशाक पहनकर भाषण, कविता वाचन गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षक राजवीर सांवरिया, अमराराम मेघवाल, दशरथ कुमार प्रजापत, वरिष्ठ अध्यापक भूपेंद्रकुमार पुरोहित, व्याख्याता प्रतापराम प्रजापत, गणेशराम पुरोहित, उप प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार माली, प्रधानाचार्य महेश गुप्ता आदि ने राजस्थान दिवस मनाने का उद्देश्य, राजस्थान का गौरवमयी इतिहास व संस्कृति तथा भारतीय नव वर्ष का प्राकृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी। समाजसेवी बादल मोहरेशा ने राजस्थान दिवस पर विचार व्यक्त किये। प्रधानाचार्य भगवानाराम मीणा ने सभी को राजस्थान दिवस एवं भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। मनीषा कालमा, पारस कंवर, सुरेंद्रसिंह देवड़ा, मनोज कुमार मेघवाल, काजल सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# विवाहिताओं ने मनाया गणगौर त्यौहार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**स्वरूपगंज।** सोलह दिन तक चलने वाले गणगौर त्यौहार के तहत शनिवार को नव विवाहित महिलाओं ने गणगौर को गाजे बाजे के साथ विधिवत पूजन कर अपने घर लेकर आई। होली के दूसरे दिन से मनाए जाने वाले गणगौर त्यौहार में क्षेत्र में गणगौर लाने की प्रथा को लेकर नव विवाहित महिलाएं सुबह छोटे छोटे बच्चों को दूल्हा-दुल्हन बनाकर गाजे बाजे के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर अपने घर लेकर आई। गणगौर त्यौहार पर प्रतिदिन सुबह गणगौर माता की मंगलगीत गाते हुए पूजा अर्चना की जाती है। शाम को पूजन करने वाली बालिकाऐं तथा अन्य महिलाऐं किसी जलाशय से पानी लाकर दूध से उसकी पूजा करती हैं तथा मंगलगीत गाती हैं।

### ऐसे करते है व्रत

चैत्र कृष्ण पक्ष की एकादशी को सुबह स्नान करके गीले वस्त्रों में ही रहकर घर के ही किसी पवित्र स्थान पर लकड़ी की बनी टोकरी में जवारे बोते है। इस दिन से विसर्जन तक व्रती एक समय भोजन करती है। इन जवारों को ही देवी गौरी और शिव या ईसर का रूप माना जाता है। जब तक गौरी जी की विसर्जन नहीं हो जाता है। करीब आठ दिन तक पूजा कर उन्हें भोग लगाते है। प्रतिदिन सुहागीन जैसा श्रृंगार कर नए वस्त्र धारण कर अंतिम दिन यानी सोलहवे दिन गणगौर का विर्सजन किया जाता है।

# गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** धूबाना में शनिवार को गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। हालांकि काश्तकारों की सर्तकता से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार धूबाना निवासी मेघसिंह एवं कानसिंह के कृषि कुएं पर खड़ी फसल में आग लग गई। सूचना पर शिवगंज से दमकल कर्मी जितेंद्र बोराणा, महेंद्र देवासी एवं ड्राइवर राजवीरसिंह मौके पर पहुंचे तथा आग पर काबू पाया।

# युवक ने की आत्महत्या, पेड़ पर लटका मिला शव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिसया।** बारेवड़ा गांव में एक युवक ने पेड़ पर लटककर आत्महत्या की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा तथा पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेजा गया। पुलिस के अनुसार बारेवड़ा निवासी कृपाराम पुत्र हीराराम मेघवाल ने जंगल में एक पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही थानाधिकारी फगलू राम और सहायक उप निरीक्षक मोहनदास अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से उतारा गया। इसके बाद शव को पालड़ी एम के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में भेजा गया।

# मदरसों में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजस्थान दिवस समारोह के तहत सिरोही जिले के सभी पंजीकृत मदरसों में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को मदरसा में नो बैग डे के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से विद्यार्थियों को परिचय करवाया। मदरसा मंडार में इस अवसर पर एमडीएम के तहत दाल बाटी चूरमा का भोजन कराया गया। भामाशाह के सहयोग से बच्चों को पारितोषिक वितरण किया गया।

# सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सभी का सहयोग जरूरीः गुप्ता

## सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** थाना परिसर में शनिवार को उप अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता, थानाधिकारी रविन्द्रपालसिंह की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। उप अधीक्षक गुप्ता ने बताया कि ईद व रामनवमी पर्व को साम्पदायिक सद्भावना के साथ मनाए। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सभी का सहयोग जरूरी है। साइबर ठगी करने करने का धंधा तेजी से पनप रहा है। जिसको लेकर फ्रॉड कॉल व लालच में आकर किसी भी तरह से ठगी होने से बचें। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। शराब पीकर वाहन न चलाने और उत्पात न करने पर जोर दिया गया। ईद वह रामनवमी के पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने ओर किसी भी तरह का हुड़दंग करने वाले लोगो की समय पर पुलिस को सुचना देवे साथ ही शराब पीकर वाहन ओर बाइक नहीं चलाए। मौके सीएलजी सदस्य पुलिस मित्र सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



# राज्यमंत्री ने 164 नवनियुक्त कार्मिकों को दिए वेलकम किट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**


**सिरोही।** राजस्थान दिवस को लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन राजकीय महाविद्यालय के विज्ञान भवन में हुआ। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यो का शुभारंभ किया जा रहा है यह एक सराहनीय कदम है। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों को बधाई दी तथा सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी को सदैव प्राणी मात्र की सेवा में कार्य करने की प्रेरणा दी। सांसद लुंबाराम चौधरी ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्य मों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने सभी को राजस्थान दिवस की बधाई दी तथा मा वाउचर योजना की जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिरोही डॉ दिनेश खराडी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कुल 164 नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट प्रदान किए गए। डॉ खराडी ने बताया कि इनमें चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के कुल 138, कॉलेज शिक्षा के कुल 8, पंचायत राज के कुल 7, आईसीडीएस विभाग के कुल 3, प्रारंभिक शिक्षा के कुल 2 तथा माध्यमिक शिक्षा, आयुर्वेद विभाग, कोष एवं लेखा, पीएचईडी, राजस्व विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के एक एक कार्मिक सम्मिलित हैं। चिकित्सा विभाग के कई पुरस्कारों का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में सीएचसी सिलदर के डॉ सुरेश जालोरा, पीएचसी आल्पा के मनीषा रायका, पीएचसी अंदोर के डॉ प्रकाश नोगिया एवं एसडीएच आबूरोड के इंचार्ज डॉ परमानंद गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अभियान के तहत देसाई डायग्नोस्टिक सेंटर के डॉ भूपत भाई देसाई को मांवाउचर गर्भवती की सोनोग्राफ्री में विशिष्ट अवार्ड प्रदान किया गया।



### रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन का आयोजन

### इनको मिली सहायता

सीएचसी सिरोडी के डॉ अजसिंह, पीएचसी आलपा की डॉ मनीषा रायका एवं ग्राम पंचायत मारोल, रोवाडा, सरतरा, अचपुरा एवं वासडा को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। कायाकल्प कार्यक्रम में पीएचसी आल्पा को 2 लाख, सीएचसी कालंद्री, पिंडवाड़ा तथा माउंट आबू प्रत्येक को एक एक एक लाख, पीएचसी वीरवाड़ा, भुला, भटाना, सिरोडी, मंडार, कैलाश नगर, अंदौर, बरलूट, वराडा, पाडीव, तंवरी तथा मेरमंडवाडा प्रत्येक एक एक को पचास पचास हजार तथा उप स्वास्थ्य केंद्र उवारिया को एक लाख, जनापुर को पचास हजार व विरोली को पच्चीस हजार का पुरस्कार दिया गया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, समाज कल्याण अधिकारी राजेंद्र पुरोहित, गणपतसिंह राठौड़, नारायण देवासी, रोहित खत्री, महेंद्र माली, मणि देवी, हेमलता पुरोहित, बाबूसिंह,दमयंती डाबी, प्रवीण राठौड़, नैनसिंह राजपुरोहित, महेंद्रसिंह आदि मौजूद थे।



# आईपीएल : शेड्यूल में फेरबदल

## कोलकाता-लखनऊ मैच की तारीख बदली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में एक मुकाबले के शेड्यूल में बदलाव किया गया है। दरअसल, 6 अप्रैल (रविवार) को टूर्नामेंट का 19वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच ईडन गार्डन्स में दोपहर 3.30 बजे से खेला जाना था। लेकिन अब इस मुकाबले की तारीख बदल गई है। अब यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में ही 8 अप्रैल (मंगलवार) को दोपहर 3.30 बजे से खेला जाएगा। कोलकाता पुलिस ने त्योहारों के कारण क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) से इस मैच का शेड्यूल बदलने का अनुरोध किया था। इसके बाद भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने शेड्यूल में बदलाव किया है। देखा जाए तो शेड्यूल में बदलाव के चलते अब 6 अप्रैल की बजाय 8 अप्रैल को डबल हेडर (दो मैच) होगा। कोलकाता-लखनऊ मैच के बाद उसी दिन शाम 7.30 बजे से न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (मैच नंबर 22) की मेजबानी करेगी। पिछली बार की तरह इस सीजन में भी IPL में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों के बीच 65 दिनों में फाइनल समेत कुल 74 मुकाबले खेले जाने हैं। यह सभी मुकाबले भारत के ही 13 वेन्यू पर हो रहे हैं। इस बार आईपीएल के 62 मुकाबले शाम के समय ही खेले जा रहे हैं।



## लय बरकरार रखना चाहेगी डीसी

**विशाखापत्तनम।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ एक विकेट की रोमांचक जीत के बाद, दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) रविवार को विशाखापत्तनम में आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का सामना करते हुए अपनी लय को बनाए रखना चाहेगी। केएल राहुल की वापसी से डीसी मजबूत हुई है, जबकि एसआरएच, एलएसजी से मिली हार से उबरना चाहेगी। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स के स्टार विकेट कीपर बल्लेबाज केएल राहुल पिता बनने के बाद कैंप छोड़कर अपने घर लौट गए थे. उनकी पत्नी आथिया शेट्टी ने एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है. राहुल दिल्ली के पहले मैच में नहीं खेले थे लेकिन अब वह वापस लौट आए हैं. सीजन की धमाकेदार शुरुआत के बावजूद, एसआरएच की बैटिंग लाइनअप अपने पिछले मैच में लड़खड़ा गई। कप्तान पैट कमिंस के सामने अब अपनी टीम को वापसी दिलाने की चुनौती है। इस बीच, डीसी ने राहुल का स्वागत किया, जो अपने पहले बच्चे के जन्म का जश्न मनाने के कारण शुरुआती मैच में नहीं खेल पाए थे। केएल राहुल की वापसी से दिल्ली के शीर्ष क्रम को मजबूती मिली है, जिसने अपने पिछले मैच में संघर्ष किया था। 211 रनों का पीछा करते हुए, डीसी 65/5 पर लड़खड़ा रही थी, इससे पहले आशुतोष शर्मा ने 31 गेंदों पर नाबाद 66 और विप्रज निगम ने 39 रनों की शानदार वापसी की। ट्रिस्टन स्टब्स ने नंबर 6 पर 34 रन जोड़े थे। बल्लेबाजी के अलावा, राहुल का अनुभव पहली बार कप्तान बने अक्षर पटेल के लिए महत्वपूर्ण होगा। टीम के उपकप्तान फाफ डु प्लेसिस हैं, जो पिछले सीजन आरसीबी के लिए कप्तानी कर रहे थे. मिचेल स्टार्क, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की मौजूदगी वाली डीसी की गेंदबाजी इकाई को एसआरएच के अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड के आक्रामक शीर्ष क्रम को बेअसर करने का काम सौंपा जाएगा।

# हारे या जीते मुस्कराना होगा



## 'रोहित ने अपने 17-18 साल के करियर पर दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा का एक इंटरव्यू सामने आया है जिसमें उन्होंने अपने करियर की सफलता और असफलता को लेकर बात की है। रोहित ने बताया कि टीम ने भविष्य के मैचों के लिए स्पष्ट अपेक्षाएं और खेल शैली निर्धारित करने के लिए अनुभव का उपयोग किया है। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ अपनी भूमिका और प्रदर्शन लक्ष्यों के बारे में खुले संवाद के महत्व पर जोर दिया। रोहित ने बताया कि टीम की सफलता का कारण फ्री और निडर होकर खेलना है। कई सीरीज हारने और कुछ असफलताओं का सामना करने के बावजूद, उन्होंने अपना सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखा। रोहित शर्मा ने कहा कि, "मेरा 17-18 साल के करियर रहा है और यह बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहा , इसने मुझे जीवन में कई नई चीजें सिखाई है। ये 9 महीने इस बात का एक आदर्श उदाहरण हैं कि जीवन कैसा है । यह हमेशा उतार-चढ़ाव वाला होता है। मेरे 17-18 सालों के करियर में हमेशा उतार-चढ़ाव रहे हैं। इसने मुझे जीवन में बहुत सी चीजें सिखाई है। चाहें हम हारें या जीतें हमें स्माइल करना होगा।"बता दें कि रोहित शर्मा की कप्तानी म भारतीय टीम ने लगातार आईसीसी टूर्नामेंट में जीत हासिल की है। आईसीसी सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में भारत का रिकॉर्ड कमाल का रहा है। भारत को पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में खेले 24 मैचों में से केवल एक में हार मिली है, भारत को 2023 के वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल मिली थी। भारत ने वेस्टइंडीज और यूएसए द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 2024 टी20 विश्व कप में जीत हासिल की, जिसमें उसने अपने सभी आठ मैच जीते। यह जीत का सिलसिला चैंपियंस ट्रॉफी में भी जारी रहा, जहां रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में लगातार पांच जीत हासिल की।

## 'अकेला चना भाड़ फोड़ता है'

▪ फाइनल मैच में अकेले गेंदबाज ने चटकाए 11 विकेट

**नई दिल्ली।** एक कहावत है कि 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता', लेकिन यह सच नहीं है। साउथ ऑस्ट्रेलिया का एक गेंदबाज ने फाइनल मैच में अकेले 11 विकेट लेकर सनसनी मचा दिया। टूर्नामेंट का फाइनल साउथ ऑस्ट्रेलिया ने 4 विकेट से जीता, जिसमें 11 विकेट चटकाने वाले गेंदबाज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल में 11 विकेट लेने वाले गेंदबाज का नाम ब्रेंडन डॉगेट है। 30 साल के ब्रेंडन दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं।





# पाकिस्तान वनडे सीरीज का पहला मैच हारा

## न्यूजीलैंड ने 73 रनों से धोया

**लाहौर।** न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 29 मार्च को नेपियर स्थित मैकलीन पार्क में खेला गया। जहां पाकिस्तानी टीम को 73 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त का सामना करना पड़ा है। मेजबान टीम की तरफ से मिले 345 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की तरफ से ऊपरी क्रम के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मगर निचले क्रम के बल्लेबाजों की तरफ से सपोर्ट नहीं मिलने की वजह से उन्हें पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम सर्वोच्च स्कोरर रहे। उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 83 गेंदों का सामना किया। इस बीच 93.98 की स्ट्राइक रेट से 78 रन बनाने में कामयाब रहे। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और तीन बेहतरीन छक्के निकले। उनके अलावा पांचवें क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए सलमान आगा ने 48 गेंदों में 58 रनों का योगदान दिया। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा पारी का आगाज करते हुए उस्मान खान ने 33 गेंद में 39, अब्दुल्ला शफीक ने 49 गेंद में 36 और कैप्टन मोहम्मद रिजवान ने 34 गेंद में 30 रन बनाए। इसके बावजूद पाकिस्तान की टीम लक्ष्य हासिल करने से चूक गई।

इससे पहले नेपियर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाने में कामयाब हुई थी। चौथे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए मार्क चैपमैन ने शतक जड़ा। उन्होंने मैच के दौरान कुल 111 गेंदों का सामना किया। इस बीच 118।92 की स्ट्राइक रेट से 132 रन बनाने में कामयाब रहे। उनके अलावा डेरिल मिचेल ने 84 गेंद में 76, जबकि मुहम्मद अब्बास ने 26 गेंदों में 52 रनों का योगदान दिया।



# धोनी के कारण हारी सीएसके?

## ▶▶ चेन्नई के पूर्व खिलाड़ी का फूटा गुस्सा, बयान देकर चौंकाया

**नई दिल्ली।** शुक्रवार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को 50 रनों से हरा दिया था। इस भिड़ंत में जब सीएसके को तेजी से रन बनाने की जरूरत थी तब रविचंद्रन अश्विन को बैटिंग के लिए भेजा गया था। बैटिंग क्रम को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है कि एमएस धोनी का 9वें क्रम पर बैटिंग के लिए आना ही चेन्नई की हार का कारण बना है। मगर इस बीच आरसीबी और सीएसके, दोनों टीमों के लिए खेल चुके ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉटसन ने धोनी के बैटिंग क्रम को लेकर बड़ा बयान दिया है। शेन वॉटसन का मानना है कि अगर धोनी अगर पहले बैटिंग करने आए होते तो शायद चेन्नई की जीत प्रतिशतता बढ़ जाती। उन्होंने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की रणनीति पर भी सवाल उठाए और कहा कि उन्हें 'थाला' को इतने निचले क्रम पर बैटिंग करने के लिए नहीं भेजना चाहिए था।

### एमएस धोनी ने की बड़ी गलती

शेन वॉटसन ने कहा, "सीएसके के फैंस असल में यही देखने आते हैं कि धोनी ने 16 गेंद में 30 रन की पारी खेली। मैं व्यक्तिगत तौर पर उन्हें ऊपरी क्रमों पर बैटिंग करते देखना चाहता। मेरा मानना है कि उन्हें रविचंद्रन अश्विन से पहले बैटिंग के लिए आना चाहिए था। मुकाबले की परिस्थिति को देखते हुए धोनी, 15 गेंद और इसी अंदाज में खेल सकते थे।" वॉटसन ने कहा कि धोनी ऊपर बैटिंग करने आए होते तो शायद चेन्नई सुपर किंग्स के जीतने के चांस बढ़ जाते।

# म नो रं ज न



## 'बॉलीवुड में सिर्फ 'भेड़ चाल' कल्चर'

बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' के बाद अपनी दूसरी फिल्म 'जाट' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में एक्टर पहली बार सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। फिल्म में रणदीप ने निगेटिव किरदार प्ले किया है। इस बीच निर्माता हंसल मेहता के एक कार्यक्रम में रणदीप हुड्डा ने कहा कि उनके मुताबिक आजकल बॉलीवुड मौलिकता के बजाए रुझानों पर ज्यादा केंद्रित हो चुका है। इसके अलावा री-रिलीज फिल्मों पर रिएक्शन देते हुए कहा कि ये एक सोशल मीडिया ट्रेंड है। एक या दो री-रिलीज फिल्में अच्छा कर ले गईं तो ये मतलब नहीं हुआ कि सभी ने अच्छा किया है। रणदीप हुड्डा निर्माता हंसल मेहता के एक कार्यक्रम में शामिल हुए जहां उन्होंने हिंदी सिनेमा की मौजूदा स्थिति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, 'फिल्म इंडस्ट्री कुछ नया करने की बजाए फेमस चीजों का अनुसरण करती है। मैं इसे भेड़ चाल तक ले जाऊंगा। एक बार कोई चीज काम कर गई तो वैसी ही चीजें बनने लग जाती हैं। सभी को वही बनाना है। स्त्री के बाद अब सभी को हॉरर कॉमेडी फिल्में बनाना है। बतौर एक्टर मुझे नहीं लगता है कि ये कोई पैरामीटर होना चाहिए।' 'जाट' एक्टर ने कहा, 'भेड़ चाल के चलते कई चीजों की वजह से संकट चल रहा है। यहां फिल्म निर्माण बहुत यांत्रिक हो चुका है, जिसमें क्रिएटिविटी के लिए काफी कम स्पेस बचा है।



## 'सिकंदर' का टिकट खरीदकर बांटा

सलमान खान की 'सिकंदर' को लेकर लोगों का क्रेज अलग ही आसमान पर नजर आ रहा है। हाल ही में एक्टर के एक बड़े फैन का वीडियो सामने आया है, जिसमें वो लोगों को 'सिकंदर' की टिकट बांटता दिख रहा है। दरअसल, ये फैन राजस्थान का है, जिसने 1 लाख 72 हजार रुपए की टिकट सिर्फ लोगों को बांटने के लिए खरीदी है।

सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर 'सिकंदर' ईद के मौके पर रिलीज होने वाली है। ये फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। हालांकि, फिल्म के ट्रेलर के रिलीज होने के साथ हा साथ उसका एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई थी। हालांकि, इसी बीच एक्टर के एक फैन का वीडियो वायरल काफी तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, ये फैन राजस्थान का रहने वाला है, जिसका नाम कुलदीप कस्वान है। कुलदीप ने 'सिकंदर' का 1.72 लाख रुपए की टिकट खरीदी है। बांटी लाखों रुपए की टिकट

हालांकि, कुलदीप ने ये टिकट खुद के लिए नहीं, बल्कि लोगों को बांटने के लिए खरीदी है। वायरल हो रहे वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि लोग किस तरह से उनसे टिकट लेने के लिए लाइन लगाकर खड़े हैं। हालांकि, इस लाइन में छोटी उम्र से लेकर बड़े-बुढ़े तक भी खड़े नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के कमेंट सेक्शन में लोगों ने कुलदीप को सलमान खान का सबसे बड़ा फैन बताया है। इसके साथ ही कई यूजर्स ने लिखा है कि सलमान खान का कोई जवाब नहीं है। एआर मुगादास की डायरेक्शन में बनी 'सिकंदर' का लोग काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे थे। 23 मार्च को फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया था, जिसके बाद से इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी गई थी। फिलहाल, इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग में 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। एडवांस बुकिंग के आंकड़े से ही अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हो सकती है। फिल्म में साउथ एक्टर सत्यराज विलन के तौर पर नजर आने वाले हैं।



## जब शाहिद ने बेटे को तौलिये से पकड़ा

शाहिद कपूर अपनी फैमिली के साथ पूरा टाइम बिताने की कोशिश करते हैं। वो बच्चों और मीरा को पूरा टाइम देते हैं। इसी वजह से उन्हें बेस्ट हसबैंड और बेस्ट फादर कहते हैं। बच्चों की ज्यादातर एक्टिविटी में पार्टिसिपेट करने की शाहिद कोशिश करते हैं। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो बेटे जैन को साइकिल चलाना सिखाते नजर आ रहे हैं। य बहुत ही क्यूट वीडियो है। जिस पर फैंस कमेंट करते नहीं रुक रहे हैं। शाहिद कपूर के इस वीडियो पर सबसे मजेदार कमेंट उनके भाई ईशान खट्टर का है।



शाहिद वीडियो में बड़े ही यूनिक तरीके से जैन को साइकिल चलाना सिखा रहे हैं।जैन को साइकिल सिखाने वाला वीडियो शेयर करते हुए शाहिद ने लिखा- अपने बेटे को तौलिए के साथ साइकिल सिखाने से बेहतर कोई सजेशन है? वीडियो में शाहिद ने जैन के कंधों पर तौलिया लगाकर उसे पीछे से पकड़ा हुआ है। जैन साइकिल चलाने की कोशिश कर रहे हैं। बैलेंस बिगड़ने पर शाहिद तौलिये की मदद से उसे ठीक कर रहे हैं।ईशान ने वीडियो पर कमेंट किया। उन्होंने- चाचू हेल्पलाइन का नंबर डायल करो। एक यूजर ने लिखा- साइकिल को पीछे की सीट से टाइट से पकड़ो।



## 'धुरंधर' को खुद करना चाहती थीं यामी

बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपने पति आदित्य धर की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' के बारे में लेटेस्ट अपडेट शेयर किया। इस फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल जैसे कई मशहूर एक्टर को कास्ट किया गया है। फिल्म के बार में बातचीत करते हुए यामी ने कहा कि अगर वो लड़का होती, तो शायद इस फिल्म का लीड रोल वो खुद निभातीं। यामी गौतम ने पति आदित्य धर की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि वैसे तो मुझे इस फिल्म के बारे में बात करने की इजाजत नहीं है। लेकिन उनकी ऑफिशियल परमिशन के बिना, आदित्य की पत्नी के तौर पर मैं इस खास अवसर पर आपको बताना चाहूंगी कि आदित्य एक बड़ी ही शानदार फिल्म बना रहे हैं। दरअसल मैं जब भी आदित्य के बारे में बात करती हूं, मेरे पास शब्द कम पड़ जाते हैं। फिल्मों को लेकर उनका पैशन, उनके परफेक्शन के मायने, कुछ कर-गुजरने का जुनून उन्हें यहां तक लेकर आया है। यामी ने बताया कि जहां तक फिल्म 'धुरंधर' की बात है तो ये एक थ्रिलर फिल्म है। इस में खूब एक्शन है। ये सच्ची घटनाओं से प्रेरित कहानी है। आज के समय में आप इससे कनेक्ट हो पाएंगे। ये स्क्रिप्ट जब मैंने पढ़ी, तब मुझे अपनी राय उनके सामने रखने के लिए बहुत समय लगा, क्योंकि अब तक मैंने ऐसी स्क्रिप्ट पढ़ी ही नहीं थी। लेकिन इस स्क्रिप्ट को पढ़ने के कुछ समय बाद मैंने आदित्य से कहा कि आदित्य काश मैं एक लड़का होती, तो ये किरदार मैं खुद करती। मैं सिर्फ इतना कह सकती हूं कि आदित्य अपनी ऑडियंस का बहुत सम्मान करते हैं ।

## 'एल 2: एम्पुरान' के छूटे पसीने

मलयालम एक्टर मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म एल2 एम्पुरान 27 मार्च को रिलीज हो चुकी है। फिल्म ओपनिंग डे पर कमाल का कलेक्शन कर अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली मलयालम फिल्म बन चुकी है। पृथ्वीराज सुकुमारन के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को मलयालम, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में रिलीज किया गया है। फिल्म अपने पहले वीकेंड के आखिरी दिनों पर है और फिल्म की कमाई से जुड़े शुरुआती आंकड़े भी सामने आ चुके हैं। वेबसाइट सैक्निल्क के मुताबिक, एल 2 ने पहले दिन 21 करोड़ की ओपनिंग ली। इतना करते ही फिल्म ने सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली आदुजीवितम द गोट लाइफ का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बता दें कि आदुजीवितम ने पहले दिन 8.95 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने दूसरे दिन 11.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया और तीसरे दिन यानी आज 5:10 बजे तक 6.39 करोड़ का कलेक्शन करते हुए टोटल 38.89 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।



# दो दिवसीय सारंगवास खेतलाजी मेला आज से



जागरूक टाइम्स संवाददाता

*देसूरी। सोनाणा खेतलाजी तीर्थ धाम में रविवार से शुरू हो रहे 51वें वार्षिक लक्खी मेले की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दो दिवसीय इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण रविवार शाम 4 बजे आयोजित होने वाला भव्य हॉर्स शो रहेगा, जिसमें न केवल राजस्थान के घुड़सवार अपनी परंपरागत वीरता और शौर्य का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि 50 से अधिक विदेशी पर्यटक भी इसे देखने के लिए पहुंच रहे हैं। कल सोमवार को गैर नृत्य दलों की शानदार प्रस्तुतियां इस मेले को ओर भी खास बनाएंगी।*

**सुबह शोभायात्रा, शाम 4 बजे हॉर्स शो**

**विदेशी सैलानी भी करेंगे शिरकत**




### हॉर्स शो में दिखेगा शौर्य और घुड़सवारी का कौशल

आज सुबह 8 बजे मंदिर का श्रृंगार होगा, जिसके बाद सवा दस बजे शोभायात्रा निकलेगी। श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस शोभायात्रा का हिस्सा बनेंगे। लेकिन असली आकर्षण शाम 4 बजे से शुरू होने वाला हॉर्स शो रहेगा। इस रोमांचक आयोजन में घुड़सवार अपने अदभुत कौशल का प्रदर्शन करेंगे। जिसमें पारंपरिक घुड़दौड़, अश्व नृत्य और विविध कलात्मक करतब शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन को देखने के लिए देश-विदेश के पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। 50 से अधिक विदेशी पर्यटकों के साथ ही राजस्थान के कई अश्व प्रेमी भी इस शो का आनंद लेंगे। राजस्थानी शौर्य और परंपरा की यह झलक न केवल मेलार्थियों को रोमांचित करेगी।

### रात्रि में भजन संध्या

हॉर्स शो के बाद रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें इंडियन आइडल सवाई भाट मुख्य आकर्षण होंगे। आशा वैष्णव, नीता नायक, लेहरूदास वैष्णव और शंकर टॉक जैसे प्रसिद्ध गायक अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर करेंगे।

### कल गेर नृत्य से गूंजेगा मेला परिसर

कल सुबह मंदिर पर ध्वजारोहण और पूजा-अर्चना के बाद प्रातः 9 बजे स्थापना अनुष्ठान होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे गैर नृत्य का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए करीब 60 गैर नृत्य दल अपनी शानदार प्रस्तुतियों से लोक संस्कृति का रंग बिखेरेंगे।

### सज गया मेला,ट्रस्ट कमेटी ने दिया अतिम रूप

मेला स्थल पर शनिवार को ही लोग जुटना शुरू हो गए हैं। झूले, रोशनी, मनोरंजन, खाने पीने की दुकानें, हाट बाजार लम्बी चौड़ी नदी में पसर गया हैं और रात को झिलमिलाती रोशनी में खूबसूरत नजारा पेश कर रहा हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष भगाराम चौधरी, सचिव महेश अखावत, कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल, उपाध्यक्ष रताराम, सहसचिव अशोक सिंह राजपुरोहित, सहकोषाध्यक्ष दिनेश लोहार, सहित ट्रस्ट सदस्य छतरसिंह सोलंकी, खरताराम चौधरी, मांगीलाल चौधरी, रामलाल प्रजापत, कमलेश सोनी, खरताराम मेघवाल, रताराम चौधरी, दिनेश आदिवाल व रमेश चौधरी ने सभी व्यवस्थाओं व सुरक्षा बंदोबस्त का पुनः निरीक्षण कर मेले को अंतिम रूप दे दिया हैं।

### श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था

*मेले में श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए करीब डेढ़ लाख भक्तों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। भंडारे की शुरुआत भक्तराज राजेंद्र शांतिलाल लादाजी भंडारी के सानिध्य में विधिवत मुहूर्त के साथ की गई।*

### इन अतिथियों की रहेगी मौजूदगी

*इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायत राज, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री पुष्पेंद्रसिंह राणावत और पूर्व जिला परिषद सदस्य गुलाब चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।*

### पैदल संघ पहुंचने हुए शुरू

*मेले में शनिवार से मेलार्थियों का जमघट शुरू हो गया हैं।जालोर,सिरोही,पाली,बाड़मेर इत्यादि जिलों में खेतलाजी के दर्शनार्थ मेलार्थियों के पैदल संघ नाचते गाते व झूमते पहुंच रहे हैं। ट्रस्ट कमेटी ने पैदल संघ के जातरुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया।*

### भक्ति , शौर्य और संस्कृति का अदभुत संगम

*सोनाणा खेतलाजी का यह लक्खी मेला हर साल श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होता है। आज के हॉर्स शो में जहां शौर्य और वीरता की झलक मिलेगी, वहीं कल गैर नृत्य में लोक संस्कृति के रंग बिखरेंगे। दो दिनों तक चलने वाला यह महोत्सव श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, रोमांच और परंपरा से भरपूर रहेगा।*

## कालका माता मन्दिर में भजन संध्या व गेर नृत्य का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी ।** स्थानीय कस्बे में शुक्रवार की रात्रि में कालका माता मित्र मंडल के तत्वावधान में एक शाम माताजी के नाम भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें में ग्रामीणों ने रातभर भजन संध्या का आनंद उठाया। वही दूसरे दिन को कालका माताजी मन्दिर के प्रांगण में गेर नृत्य भी हुआ। जिसमे ग्रामीणों ने पैरो में घुंगरू बांधकर ढोल की ताल पर शानदार नृत्य कर उपस्थित ग्रामीणों का मनमोह लिया। उसके बाद रात्रि में भजन संध्या शुरू हुई। वही भजन गायको की ओर से माताजी के दरबार मे शानदार भजन प्रस्तुत कर उपस्थित ग्रामीणों को माताजी की भक्ति से सरोबार कर लिया। वही भजनों में नृत्यकारो में भी नृत्य प्रस्तुत किया। वही रातभर चली भजन संध्या में ग्रामीणों ने आनंद उठाया। इस दौरान कालका माता मित्र मंडल के सदस्यों सहित भक्त उपस्थित थे।

## बैद्यनाथ महादेव मंदिर मेलाः आस्था के बीच उमड़े श्रद्धालु



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** नगर के बड़ा तालाब के पास स्थित बैद्यनाथ महादेव मंदिर में शनिवार को मेला, गेर एवं प्रसादी का आयोजन किया गया। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। महादेव मंडल के दिनेश वैष्णव ने बताया कि मंदिर में हर साल की तरह इस वर्ष भी संत महापुरुषों की प्रेरणा से कार्य म का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे महा आरती हुई। इसके बाद सुबह 10 बजे से महाप्रसादी का वितरण शुरू हुआ। शाम 3 बजे से 6 बजे तक भव्य गेर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान आई माता गेर बाली और डांडिया गेर बिजली जालौर की सुप्रसिद्ध टीमों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। गेर नृत्य में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

## पुष्पवर्षा कर ग्रामीणों ने किया भंडारी का स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई ।** समीपवर्ती सोनाणा ग्राम में स्थित लोकदेवता सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम के वार्षिक मेले में पहुंचे सोनाणा खेतलाजी के उपासक एवं सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के संरक्षक अमित कुमार भण्डारी का शनिवार सुबह सोनाणा ग्रामवासियों ने ढोल बाजे के साथ गुलाब की पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया । ग्रामीणों ने बताया कि सोनाणा खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के संरक्षक अमित कुमार भण्डारी अपने परिजनों एवं भक्त परिवार साथ खेतलाजी तीर्थधाम पर पहुंचते ही समूचा ग्राम मन्दिर के प्रांगण में स्थित ईश्वर भवन में गुलाब के पुष्प व मालाएं लेकर स्वागत के लिए उमड़ पड़े। भण्डारी की राह में गुलाब के पुष्पों की वर्षा करते मन्दिर में ढोल बजा के पूजा अर्चना करवाई। बताया जाता है कि सोनाणा खेतलाजी आधारस्तम्भ स्व. ओंकारमल नानचंद भण्डारी की ओर से सोनाणा तीर्थस्थल के साथ ग्राम में करोड़ों के विकास कार्य करवाए गए हैं। जिसके फलस्वरूप सोनाणा खेतलाजी तीर्थधाम को ख्याति मिली एवं यहां आने वाले सोनाणा खेतलाजी के भक्तों को सहीत ग्रामवासियों को अनेकों सुख सुविधाएं कम खर्च में मिल पा रही है। भण्डारी के स्वागत के बाद ग्रामवासियों की एक बैठक हुई। जिसमें ग्राम के प्रमुख लोगों से ग्राम के विकास को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर ग्रामीणों सहित भक्त परिवार मौजूद थे।

**राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक**

## योजनाओं का लाभ वंचित व पात्र व्यक्तियों को दिलाएंः राज्यपाल बागड़े

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग व पात्र व्यक्ति यों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले जिससे कि उनका जीवन खुशहाल हो सके अधिकारी इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करे। राज्यपाल आज शनिवार को जिला परिषद के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद कर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान राज्य व केंद्र प्रवर्तित योजनाओं एवं कार्य मों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए इनका लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में उन्होंनें ग्रामीण विकास विभाग से महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड एवं श्रमिक नियोजन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) गांवों में सभी परिवारों तक व्यक्तिगत शौचालय की उपलब्धता, अनुसूचित क्षेत्र बाली के आदर्श ग्राम निर्माण कार्या की प्रगति, जनभागीदारी योजना, पीएमजीएवाई, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की 3 वर्षो में छात्रवृत्ति प्राप्त आवेदन व भुगतान,जल संग्रहण, अनुसूचित क्षेत्र में स्वंय सहायता समूहों की स्थिति के बारे मे जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास स्थिति प्रगति, मुख्यमंत्री जिला नवाचार निधि योजना की प्रगति, पीएचईडी में जल जीवन मिशन हैंडपंप मरम्मत, टयूबवैल आदि, जल जीवन मिशन ,सार्वजनिक निर्माण विभाग में बिपरजॉय ,अटल पथ, उच्च स्तरीय पुल, बजट घोषणा व अन्य कार्यो के बारे में, बीसूका के विभिन्न कार्यो की , मेडिकल विभाग में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान कार्ड वितरण, मौसमी बीमारियां, क्षय उन्मूलन,मातृ स्वास्थ्य,टीकाकरण बांगड़ चिकित्सालय की सभी सुविधाओं,उपचार , उपलब्धता ,आदि की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रकार जोधपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड में विद्युत आपूर्ति , विभिन्न प्रकार के विद्युत कनेक्शन की स्थिति , जल संसाधन विभाग में विभिन्न बाधों, स्थिति और जल की वर्तमान स्थिति, जिला उद्योग केन्द्र में मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना ,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक म में आमजन को योजनाओं के लाभ की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने रसद विभाग में खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत पात्र परिवारों जिनमें ग्रामीण,शहरी राशन कार्डो उचित मूल्य की दुकानों के बारे में , एनएफएसए के आवेदन , व गिव अप अभियान, कृषि विभाग व उधानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। गोशालाओं मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि किसानों को मृदा संबंधी जांच के लिए लैब में सैंपल लाने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें अपने खेत की मिट्टी के बारे में अधिक जानकारी होगी और उसके अनुसार फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिह, अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनी सिंह, सीईओ जिला परिषद मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज व जिला स्तरीय अधिकारी सुनील भंडारी, त्रिलोक चौधरी व अन्य लोग मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** सालरिया में छात्र-छात्राओं को दी कानून व बाल विवाह रोकथाम की जानकारी दी । सालरिया नुतन माध्यमिक बाल विद्या मंदिर मे शनिवार को प्रधानाध्यापक गिरधारीलाल राणावत कि अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पाली के तत्वावधान में आयोजित शिविर में तालुका विधिक सेवा समिति देसूरी के पीएलवी हितेश सोनी ने बाल विवाह कानूनी अपराध है। बाल-विवाह निषेध के बारे में, नागरिकों के मूल अधिकारों की जानकारी देते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम, निःशुल्क विधिक सहायता ,घरेलू हिंसा महिला उत्पीड़न, नालसा हेल्पलाइन 15100 , सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे जानकारी प्रदान की। बालिका शिक्षा, बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ के सम्बंध में महिलाओं को जागरूक किया। और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह के दुष्परिणाम व शपथ दिलवाई । इस मौके पर विधिक सेवा केन्द्र के पीएलवी हितेश सोनी , भीमाराम, नारायण लाल, सुभाषचन्द्र, दिलीप कुमार, सुरेश कुमार, भावना सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

## रामनवमी को लेकर तैयारियां जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** नगर में रामनवमी कार्यक्रम को लेकर हिंदू युवा संगठन की तैयारियां जारी है। संगठन के अध्यक्ष हंसमुख मेवाड़ा बताया कि हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी शोभा यात्रा व बाइक रैली का हनुमान मंदिर प्रांगण प्रताप बाजार से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बाजार में भगवान राम के झंडे लगाए जा रहे हैं साथ ही जगह जगह होडिग लगाया जा रहे हैं । नगर में रंग बिरंगी रोशनी से सजाया जाएगा। मेवाड़ा लिए भी बताया कि 5 अप्रेल को भगवान श्री राम की बाईक रैली निकाली जाएगी। दूसरे दिन 6 अप्रेल को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। रामनवमी के पर्व को लेकर सभी हिंदू युवा संगठन के कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयारियों में जुटा हुआ है।



## फेयरवेल पार्टी में मची राजस्थानी गीतों की धूम





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** एसपीयू जैन शिक्षण संघ की ओर से संचालित स्थानीय एसपीयू महाविद्यालय में कला संकाय तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कला संकाय तत्वावधान में फेयरवेल पार्टी 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर विद्यार्थियों का ढोल नगाड़ों की थाप और तिलक लगाकर स्वागत करते हुए हुई। इस अवसर पर जयश्री मारू, खुशबू देवड़ा, पायल कवंर, प्रिया सुथार एवं प्राची मिश्रा द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ हिमांशु मेहता ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि अब आपके जीवन की एक नई शुरुआत होने जा रही है जिसमें आप अपनी गलतियों से सीखते हुए अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करे। महाविद्यालय उपाचार्य डॉ गौतम शर्मा ने कहा कि कॉलेज जीवन के ये अनमोल पल विद्यार्थियों को न केवल आपस में जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें तनावमुक्त भी रखते हैं। तत्पश्चात छात्र छात्राओं ने अपना परिचय और रैंप वॉक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अपने बेहतरीन राजस्थानी गीतों द्वारा जीवाराम एंड पार्टी, मिरगेश्वर ने समा बांधा। कार्य' म संयोजक दलपत सिंह ने बताया कि मिस फेयरवेल जयश्री मारू एवं मिस्टर फेयरवेल विक्रम सोलंकी रहे। कार्य' म का संपूर्ण संचालन कार्यक्रम सह संयोजक ओमप्रकाश एवं छात्राओं हेमलता चौधरी, सीमा चौधरी ने किया। कार्य' म के सफल संचालन में कला संकाय के सभी सहायक आचार्य एवं तपस्वी राज सांदू, करण, इरशाद, जया राजपुरोहित, पंकज कुमार, दिलीप, अर्जुन राठौड़, निखिल सहित अन्य विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## छापरवाल बने मैजिशियन एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** मैजिशियन एसोसिएशनस राजस्थान का पुनर्गठन में खिंवाडा निवासी जादूगर राकेश छापरवाल कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत किए गए। राजस्थान के सभी जादूगरों ने एकजुट होकर एक मंच पर आने के लिए मैजिशियनस एसोसिएशन राजस्थान का पुनर्गठन किया है। इसमें सीकर के जादूगर एस लाल सीनियर को सभापति थे। पिछले दिनों अजमेर में हुई बैठक में सर्वसम्मति से महिपाल गुप्ता मुख्य संरक्षक व जादूगर मायावी जूनियर ( राजेन्द्र) को संरक्षक बनाया गया। इसके साथ ही जादूगर हैरती, अजमेर को अध्यक्ष, जादूगर सुब्रतो मुखर्जी, जयपुर उपाध्यक्ष, जादूगर अशोक शर्मा, कोटा मुख्य सचिव, जादूगर सुनील दत्त जोशी ब्यावर सचिव व जादूगर देवीशंकर शर्मा देवली कोषाध्यक्ष बनाए गए। बैठक में जादूगरों के उत्थान, जादू को कला का दर्जा दिलाने, जादू भवन बनाने ,थिएटर शो में आने वाली परेशानियों के समाधान सहित जनहित की सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार में सरकार को सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा की गई। सभी प्रांतीय समन्वयकों द्वारा तीन मिनट का जादू प्रदर्शन कर अपने विचार व्यक्त किए गए। शीघ्र ही राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किए जाने पर भी सहमति बनी। इसके लिए जूनियर एस लाल को आयोजन समिति का अध्यक्ष जादूगर हरीश यादव को भवन निर्माण समिति का अध्यक्ष व जादूगर राकेश छापरवाल खिंवाड़ा को भवन निर्माण समिति का सदस्य बनाया गया।



## वाहन रैली पर हुई पुष्प वर्षा, झूलेलाव महोत्सव में शामिल होने का दिया निमंत्रण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** झूलेलाल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सिंधी समाज ने शनिवार को शहर में वाहन रैली निकाल कर घर घर तक महोत्सव में आने का संदेश दिया। रैली को सिंधी समाज सेवा समिति अध्यक्ष राजेश पुशवानी उप महापौर ललित प्रितमानी, महिला मंडल अध्यक्ष कोकिला नारवानी, नत्थू भाई गंगवानी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। समाज के झूलेलाल भगवान के जयकारे के साथ अपने वाहन पर भगवा ध्वज फहराते सिंधी कोलानी, रामदेव रोड़, गांधी मूर्ति सूरजपोल, हाऊसिंग बोर्ड, रेलवे स्टेशन सहित शहर के मुख्य मार्गो से होते वापस झूलेलाल मंदिर पहुंचे। जिस मार्ग से रैली निकली जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। रैली में युवाओं व महिलाओं द्वारा आयो लाल झूलेलाल के जयकारे के साथ उत्साह से चल रहे थे ।शहर का माहौल धर्ममयी हो गया. जय थवानी ने बताया कि 30 मार्च को नववर्ष के दिन झूलेलाल जयंती मनाई जाएगी। प्रातः काल, प्रभात फेरी, भगवान का पूजन, अभिषेक, विशेष आरती एवं शोभायात्रा शहर के मुख्य रास्तों से निकलेगी। महिलाओं द्वारा भजन,सांय आरती एवं प्रसादी का आयोजन होगा।



### राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सवः रन फॉर फिट राजस्थान

### 'रन फॉर फिट राजस्थान' स्वस्थ और सशक्त राजस्थान के संकल्प का प्रतीक

# युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं का किया गया सम्मान

### नौ खिलाड़ियों को की गई जमीन आवंटित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि फिटनेस केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारे जीवन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने फिट राजस्थान अभियान शुरू करने का संकल्प लिया था, 'रन फॉर फिट राजस्थान' इसी संकल्प का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि देश में युवा, महिला, किसान और मजदूर सशक्त होंगे तो देश-प्रदेश भी सशक्त होंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत महिला, किसान, अन्त्योदय, युवा एवं सुशासन को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

शर्मा ने राजस्थान दिवस समारोह के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को अमर जवान ज्योति पर आयोजित रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर प्रदेशवासियों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर खिलाड़ी को पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए हमने वर्ष 2024-25 में 1614 खिलाड़ियों को 34 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ भूखंड आवंटन, सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता और रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम से खिलाड़ियों को सुरक्षा कवच भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन ओलंपिक-2028 के तहत 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा और जयपुर में 20 करोड़ की लागत से 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स' की स्थापना की जाएगी।

इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जीवन में फिटनेस का बहुत महत्व है। स्वस्थ नागरिक से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी योजनाओं और निर्णयों के माध्यम से प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को निरन्तर प्रोत्साहित कर रही है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में संपन्न राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा 9 खिलाड़ियों को जमीन आवंटन के पट्टे वितरित किए।

कार्यक्रम में संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, शासन सचिव खेल एवं युवा मामले नीरज के. पवन, 61 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा सहित विभिन्न खिलाड़ी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

#### » राजस्थान का खेलकूद के क्षेत्र में गौरवपूर्ण इतिहास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान का खेलकूद के क्षेत्र में गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। कई खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदेश की पताका लहराई है। पेरिस ओलंपिक में अनंतजीत सिंह व महेश्वरी चौहान ने निशानेबाजी में हिस्सा लिया। पेरिस पैरालंपिक में अवनी लेखरा ने स्वर्ण, सुंदर सिंह गुर्जर और मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को गर्व का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने 43 पदक हासिल किए। ये उपलब्धियां हमारे युवाओं की प्रतिभा का प्रमाण हैं।

# राजस्थान उत्सव-2025 उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया राजस्थान उत्सव का अवलोकन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में चल रहे राजस्थान उत्सव 2025 का अवलोकन किया। दिया कुमारी ने उत्सव में राजीविका द्वारा लगाए गए क्राफ्ट मेले और फूड फेस्टिवल का भ्रमण करते हुए प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए काश्तकारों, हस्तकारों और हस्तशिल्पियों इत्यादि के स्टॉल्स पर जाकर उनके उत्पादों के बनाने की विधि एवं अन्य जानकारियां ली। उन्होंने सभी हस्तकलाकारों से उनके अनुभवों और उत्पादों की प्रशंसा करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 2 अप्रैल तक चलने वाले इस नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव में उपस्थित आगंतुकों को उपमुख्यमंत्री ने हिन्दी नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बीकानेर हाउस स्थित पर्यटक स्वागत केन्द्र का भी अवलोकन किया। उपमुख्यमंत्री ने राजस्थान उत्सव में पर्यटन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल की प्रशंसा करते हुए वहां उपलब्ध दर्शक पंजिका में अपनी टिप्पणी की। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रदर्शन किया गया जिसमें राजस्थान से आए लोक कलाकारों ने गैर नृत्य, चंग ढप नृत्य, घूमर नृत्य, रिम भवई नृत्य और नटकला की मनमोहक प्रस्तुति देकर सबको हर्षित किया।

इस दौरान राज्य की अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजु ओम प्रकाश तथा संयुक्त आवासीय आयुक्त रिंकू मीना ने उप मुख्यमंत्री को उत्सव का अवलोकन करवाते हुए विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उप आवासीय आयुक्त मनोज सिंह सहित बीकानेर हाउस स्थित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## नववर्ष पर होगा विराट पथ संचलन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऋषि गालव भाग द्वारा 30 मार्च 2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नववर्ष पर जयपुर शहर में विराट पथ संचलन निकाला जाएगा। वर्ष प्रतिपदा उत्सव मुख्य कार्यक्रम महाराजा कॉलेज खेल मैदान में आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि जगदगुरु आश्रम जयपुर के महंत स्वामी अक्षयानंद जी महाराज व मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक, राजस्थान निंबाराम रहने वाले हैं। पथ संचलन का मार्ग जयपुर शहर के अजमेरी गेट, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, मोती डूंगरी रोड होते हुए रामनिवास बाग से महाराजा कॉलेज मैदान में संपन्न होगा।

# सूने मकान से 75 लाख की शराब पकड़ी

### आबकारी विभाग की टीम ने 895 कार्टन किए जब्त



**उदयपुर।** आबकारी विभाग ने उदयपुर और सलूम्बर जिले की सीमा पर अवैध शराब को लेकर बड़ी कार्रवाई की। टीमों ने एक सूने मकान पर छापा मारा और वहां से अवैध शराब के 895 कार्टन जब्त किए। जब्त शराब की कीमत करीब 75 लाख रुपए है। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि उदयपुर संभाग स्तरीय आबकारी निरोधक टीम ने उदयपुर व सलूम्बर जिले की सीमा पर रेबारियों की ढाणी क्षेत्र में दबिश दी। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि आबकारी निरीक्षक वृत डूंगरपुर राहुल शर्मा को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। रेबारियों की ढाणी में एक सूने मकान में दबिश दी गई। दबिश की कार्रवाई के दौरान 895 कार्टन में अनुमानित 75 लाख रुपए की भारत निर्मित विदेशी अवैध शराब बरामद की गई।

सांगावत के अनुसार उक्त दबिश के दौरान आबकारी निरीक्षक वृत डूंगरपुर राहुल शर्मा की अहम भूमिका रही। कार्रवाई के दौरान इस प्रकार कुल 895 कार्टन में 41568 भारत निर्मित विदेशी शराब के पव्वे एवं 348 बोतल 750 एमएल भारत निर्मित विदेशी शराब की बरामद की गई। उन्होंने बताया कि इसमें नियमानुसार अभियोग दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान आबकारी निरोधक दल वृत उदयपुर उपायुक्त प्रद्युम्न सिंह चुंडावत, आबकारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह, चंदन सिंह, प्रहराधिकारी अनिल कुमार सहित ईपीएफ जाब्ता शामिल रहे।

## एयरपोर्ट पर पैसेंजर फ्लाइट और एयरफोर्स जेट के बीच टक्कर टली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के रॉनाल्ड रीगन एयरपोर्ट पर शुक्रवार को एक पैसेंजर फ्लाइट और मिलिट्री जेट के बीच संभावित टकराव टल गया। डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट 298 3 को शुक्रवार दोपहर 3.15 बजे टेकऑफ की अनुमति मिली थी, उसी समय स एयरफोर्स के चार टी-38 टैलन जेट्स भी लैंड करने वाले थे। डेल्टा की एयरबस ए319 में 131 यात्री, 2 पायलट और 3 क्रू मेंबर थे। यह फ्लाइट वॉशिंगटन डीसी से मिनियापोलिस-सेंट पॉल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए रवाना हो रही थी।

फ्लाइट 2.55 बजे गेट से निकली और 4.36 बजे पहुंचने वाली थी। तभी उसे पास में किसी विमान का अलर्ट मिला, जिसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने तुरंत दोनों विमानों को अलग-अलग दिशा में जाने के निर्देश दिए। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। टी 38 टैलन जेट एक तेज गति वाला, ऊंची उड़ान भरने वाला ट्रेनिंग जेट है, जिसका इस्तेमाल एयरफोर्स और नासा जैसे विभाग करते हैं।

# जयपुर में फेक कॉल सेंटर पर पुलिस रेड, दो अरेस्ट

### ई-मित्र आईडी बनाने के नाम करते फ्रॉड, सोशल साइड के जरिए जाल में फांसते



**जयपुर।** जयपुर की शिप्रापथ थाना पुलिस ने फेक कॉल सेंटर पर शनिवार को रेड डाली। पुलिस ने ई-मित्र आईडी बनाने के नाम पर फ्रॉड करने वाले दो साइबर क्रिमिनल को अरेस्ट किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कॉल सेंटर में यूज बड़ी संख्या में कम्प्यूटर सेट, मोबाइल व डॉक्यूमेंट जब्त किए हैं।

डीसीपी (साउथ) दिगंत आनन्द ने बताया- साइबर फ्रॉड में क्रिमिनल विक्रम सिंह (25) निवासी खोडवा का मोहल्ला दाखिया टोंक और गणेश गुर्जर (26 ) निवासी लाखावास चाकसू को अरेस्ट किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 14 कंप्यूटर सेट, 13 मोबाइल फोन, 1 इंटरनेट राउटर और कई बैंक पासबुक्स सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। मुखबिर से सूचना मिली कि ई-मित्र आईडी बनाने के नाम पर ठगी का एक कॉल सेंटर चल रहा है। जो सरकारी सेवाओं जैसे- बिजली और पानी का बिल भरने, मनी ट्रांसफर और फर्जी ई-मित्र आईडी देने का काम कर रहा था।

आरोपियों ने सोशल मीडिया के जरिए ग्राहकों को अपनी जाल में फंसाया और शुरुआत में 1500 से 2000 रुपए में ई-मित्र आईडी बनाने का दावा किया। इसके बाद, कैश बैक के नाम पर और अधिक पैसे लेने के बाद, यह आईडी ब्लॉक कर ग्राहकों से धोखाधड़ी की जाती थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने फेसबुक पर विज्ञापन देकर और मेटा से ग्राहकों की जानकारी प्राप्त की थी। इसके बाद उन्होंने सरकारी सेवाओं के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठे और उन्हें फर्जी ई-मित्र आईडी देने का लालच दिया।

### दुश्मनों के लिए काल है भारतीय नौसेना का यह विनाशक...

# हिंद महासागर में कांपेंगे चीन और पाकिस्तान



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना अपनी ताकत बढ़ाने के लिए स्वदेशी नेवल एंटी-शिप मिसाइल-मीडियम रेंज को अपने जहाजी बेड़े में शामिल करेगी। दुश्मन के लिए इस विनाशक मिसाइल को मीडियम रेंज एंटी-शिप मिसाइल भी कहते हैं। यह मिसाइल बोइंग पोसाइडन विमानों में लगाई जाएगी। बोइंग कंपनी इस काम में मदद करेगी। इसका मकसद है कि नौसेना के पास पहले से मौजूद हारपून मिसाइलों की ताकत को और बढ़ाया जाए। इससे भारतीय नौसेना हिंद महासागर में किसी भी खतरे से निपटने के लिए और भी मजबूत हो जाएगी। इस मिसाइल को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने बनाया है। जानते हैं इसकी पूरी खासियत और कहानी।

#### » क्या होती है एंटी शिप मिसाइल, जो होती है खतरनाक

एंटी -शिप मिसाइल एक निर्देशित मिसाइल होती है जिसे जहाजों और बड़ी नौकाओं के खिलाफ इस्तेमाल के लिए डिजाइन किया गया है। अधिकांश एंटी-शिप मिसाइलें समुद्र-स्किमिंग किस्म की होती हैं और कई जड़त्वीय मार्गदर्शन और सक्रिय रडार होमिंग के संयोजन का उपयोग करती हैं। बड़ी संख्या में अन्य एंटी शिप मिसाइलें जहाज से निकली गर्मी से निपटने के लिए इन्फ्रारेड होमिंग का उपयोग करती हैं । एंटी-शिप मिसाइलों के लिए पूरे रास्ते रेडियो कमांड द्वारा निर्देशित होना भी संभव है।

#### » समंदर में गश्त के साथ-साथ दूर तक मार करेगी

भारतीय नौसेना अपनी समुद्री शक्ति को और भी मजबूत करने की तैयारी में है। इसके लिए, नौसेना स्वदेशी रूप से विकसित नेवल एंटी-शिप मिसाइल-मीडियम रेंज को अपने बेड़े में शामिल करेगी। यह मिसाइल बोइंग पोसाइडन समुद्री गश्ती विमानों पर लगाई जाएगी। इस कार्य में बोइंग कंपनी भी सहायता प्रदान करेगी। इस कदम का उद्देश्य नौसेना के पास पहले से मौजूद हार्पून एंटी-शिप मिसाइलों की क्षमता को और बढ़ाना है। इससे भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए और भी अधिक सक्षम हो जाएगी।


राजस्थान सरकार

## अपील

मेरे प्रदेशवासियों,

हमारी सरकार ने इस वर्ष से 30 मार्च के स्थान पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है। जिस वृहद् राजस्थान के उपलक्ष्य में हम राजस्थान दिवस मनाते हैं, वह भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। सौभाग्य से इस बार भी वही शुभ संयोग बन रहा है।

इस अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों को राजस्थान दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आपसे अपील करता हूं कि आप अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर दीपक, मोमबत्तियां या रोशनी के अन्य स्रोतों के माध्यम से राजस्थान की सामूहिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और एकता का प्रकाश फैलाएं। यह रोशनी हमारी गौरवमयी परंपराओं और विरासत के सम्मान के साथ ही हमारी जीवटता, एकता और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों का प्रतीक बनेगी।

इस पुनीत अवसर पर मैं प्रदेशवासियों के साथ ही विशेष रूप से मातृशक्ति से भी अनुरोध करता हूं कि वे समाज को रोशन करने की इस पहल में अपने परिवार और समुदाय के साथ इस दीपोत्सव में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

आप जगमग रोशनी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करें और हैशटैग #Rajasthan Diwas 2025 के साथ इस पर्व को जन-जन तक पहुंचाएं।

जय राजस्थान

धन्यवाद।



भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार



स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com